पौष कृष्ण पक्ष 14 संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 165 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 दिसंबर 2025 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
26.4 अधिकतम
5.1 न्यूनतम


Page-7

## न्यूज विंडो

### 200 फीट की खाई में गिरा ट्रक, 3 दिन दबा रहा ड्राइवर

**पांढुर्णा, एजेंसी।** पांढुर्णा जिले की सौसर तहसील स्थित सिलेवानी घाटी में मक्के से भरा ट्रक लगभग 200 फीट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे के बाद ड्राइवर तीन दिनों तक ट्रक में फंसा रहा। गुरुवार सुबह मालिक को जीपीएस के जरिए घटना का पता चला। इसके बाद ट्रक के मालिक ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को खाई से सुरक्षित बाहर निकलवाया। वहीं, क्रेन की मदद से ट्रक को भी निकाला गया। ट्रक मालिक रवि बघेल ने बताया कि ट्रक मंगलवार को ग्राम चांद से औद्योगिक क्षेत्र बोरगांव के लिए रवाना हुआ था। लगभग 130 किलोमीटर की दूरी तय करनी थी, लेकिन तीन दिन बाद भी ट्रक बोरगांव नहीं पहुंचा।

### नक्सलियों से लड़ी ताशा मास्टर की मौत के बाद उदास

**भोपाल।** बालाघाट जिले को नक्सल मुक्त बनाने में हॉक फोर्स के जवानों के साथ पुलिस के डॉग स्क्वॉड का भी अहम योगदान रहा है। खासतौर पर डाबरमैन ब्रीड की फीमेल डॉग ताशा और उसके मास्टर विनोद शर्मा का। मगर, इस समय ताशा सदमे में है। वह एकटक दरवाजे की ओर ताकती रहती है, जैसे वह अपने मास्टर विनोद शर्मा का इंतजार कर रही हो। दरअसल, 10 दिसंबर को बालाघाट से ड्यूटी कर लौट रहे मुरैना पुलिस के बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया था। हादसे में ताशा के हैंडलर विनोद शर्मा सहित चार पुलिसकर्मियों की दर्दनाक मौत हो गई थी।



### पेड़ कटाई पर हाईकोर्ट सख्त, संशोधन से इनकार

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रदेश में पेड़ों की कटाई पर रोक को लेकर 26 नवंबर को पारित अंतिम आदेश में किसी भी तरह के बदलाव से साफ इनकार कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने के आदेश दिए जा चुके हैं। यदि इन आदेशों का पालन नहीं हो रहा है, तो कानून में उपलब्ध विकल्पों के तहत कार्रवाई की जाए। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि जब नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा गठित एक्सपर्ट कमेटी और ट्री ऑफिसर की अनुमति के आधार पर ही पेड़ों की कटाई की अनुमति दी गई है, तो इस व्यवस्था को बदला नहीं जा सकता।

### कुमार सानू ने पूर्व पत्नी पर मानहानि का केस किया

**मुंबई, एजेंसी।** मशहूर प्लेबैक सिंगर कुमार सानू ने अपनी पूर्व पत्नी रीता भट्टाचार्य के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मामले में सानू ने 30 लाख रुपए के हर्जाने की मांग की है। साथ ही, उन इंटरव्यू को हटाने की मांग की है, जिनमें उनके खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। यह केस दोनों के तलाक के करीब 24 साल बाद सामने आया है। कुमार सानू और रीता भट्टाचार्य का तलाक साल 2001 में हुआ था। तलाक की प्रक्रिया बांद्रा फैमिली कोर्ट में पूरी हुई थी। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका सानू की ओर से वकील सना रईस खान के जरिए दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि रीता भट्टाचार्य ने कुछ एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स को इंटरव्यू दिए। इनमें विरल भयानी और फिल्म विंडो जैसे प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इन इंटरव्यू में उन्होंने सिंगर पर गंभीर आरोप लगाए।



## आज का कार्टून




---

लगातार 15 दिन शीतलहर का रिकॉर्ड

# भोपाल में पारा 5 डिग्री पर अटका

## यात्रियों की मुसीबत, दिल्ली से आने वाली ट्रेनें 8 घंटे तक लेट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है और पिछले तीन दिनों से पारा पांच डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। तीस सालों में सीजन का सबसे कम तापमान भी दर्ज किया जा चुका है। मौसम विभाग ने अगले एक हफ्ते तक सर्दी से राहत न मिलने की बात कही है। इसी के साथ सुबह और शाम कोहरा भी पड़ रहा है। कोहरे की वजह से दिल्ली से मध्यप्रदेश की ओर आने वाले ट्रेनें 2 से 8 घंटे तक लेट चल रही हैं।

उत्तर भारत में पड़ रहे कोहरे की वजह से ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आज पंजाब मेल, शताब्दी, झेलम, सचखंड, मालवा, छत्तीसगढ़, कोल्हापुर एसएफ, मंगला लक्षद्वीप समेत कई ट्रेनें अपने तय समय से देरी से चल रही हैं। ये सभी ट्रेनें भोपाल आती हैं। इसके अलावा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन स्टेशनों पर आने वाली गाड़ियां भी कई घंटे लेट हैं। आज सुबह भोपाल, ग्वालियर-उज्जैन समेत 12 जिलों में कोहरा छाया रहा। रीवा और सागर में विजिबिलिटी एक किलोमीटर तक दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार-गुरुवार की रात में कई शहरों में पारे में गिरावट का दौर जारी रहा। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 5.1 डिग्री, इंदौर में 4.5 , ग्वालियर में 9.3 , उज्जैन में 7.3 और जबलपुर में 9.2 डिग्री रहा। राजगढ़ सबसे सर्द 4.6 डिग्री पर रहा जबकि पचमढ़ी में 5.2 डिग्री तापमान रहा।

इस बार नवंबर में सर्दी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। भोपाल में लगातार 15 दिन से शीतलहर चल रही है। रिकॉर्ड के अनुसार, साल 1931 के बाद शीतलहर के यह सबसे ज्यादा दिन है। मौसम विभाग के अनुसार, जिस तरह मानसून के चार महीने (जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर) में से दो महीने जुलाई-अगस्त महत्वपूर्ण रहते हैं और इन्हीं में 60 प्रतिशत या इससे अधिक बारिश हो जाती है, ठीक उसी तरह दिसंबर और जनवरी में कड़ाके की ठंड पड़ती है। इन्हीं दो महीने में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं।

### हेमकुंड साहिब में तापमान माइनस 20 डिग्री अब तक 150 वाहनों की टक्कर में 28 की मौत

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई। इनमें 28 लोगों की मौत हो चुकी है। इधर, पहाड़ों पर पारा लगातार माइनस में रिकॉर्ड हो रहा है। उत्तराखंड के चमोली में 15 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित हेमकुंड साहिब में बुधवार को तापमान -20 डिग्री डिग्री दर्ज हुआ। यहां नवंबर के बाद से बर्फबारी नहीं हुई है। फिर भी सर्दी के कारण बुधवार को सरोवर का पानी पूरी तरह से जम गया।

## मांस के पैकेट से भरा ट्रक पकड़ाया



### हिंदू संगठनों की नारेबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

यहां बीती रात पुलिस मुख्यालय के सामने एक ट्रक हिंदू संगठन के लोगों पकड़ा है। ट्रक की तलाशी में भारी संख्या में मांस के पैकेट मिले हैं। संगठन के सदस्यों ने आरोप लगाया है कि पैकेटों में गौ मांस है। तस्करों के पकड़े जाने की सूचना के बाद मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई। जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान गुस्साए लोगों ने ट्रक में भी जमकर तोड़फोड़ कर दी। मौके पर पहुंची जहांगीराबाद पुलिस ने भीड़ को समझाइश दी है। इसके बाद मांस के सैंपल पशु चिकित्सालय में सुरक्षित रखवाए गए हैं। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि कार्यकर्ताओं को बीते कई दिनों से सूचना मिल रही थी की एक स्लाटर हाउस में संदिग्ध मांस को काटकर पैकेट में पैक कर हैदराबाद और मुंबई के रास्ते विदेश में भेजने का काम किया जाता है।

## पुलिस मुख्यालय में डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में पुलिस महानिदेशक- महा निरीक्षक सम्मेलन पुलिस मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने डॉ. मोहन यादव ने मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चित्र में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए।

### गिरती रेटिंग के बीच देश के नाम संबोधन, फिर अलापा युद्ध रुकवाने का राग

## बड़बोले ट्रम्प ने कहा- 'टैरिफ' मेरा पसंदीदा शब्द

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

गिरती लोकप्रियता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर शांति दूत बनने की कोशिश की है और खुद को 10 महीने में आठ युद्ध रोकने का क्रेडिट दिया। इस सफलता के पीछे उन्होंने टैरिफ को वजह बताया। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि टैरिफ उनका पसंदीदा शब्द है। अपने संबोधन के दौरान ट्रंप ने अपने प्रशासन का साल 2026 का एजेंडा भी पेश किया। ट्रंप ने कहा, मैंने अमेरिकी ताकत को बहाल किया है। 10 महीनों में आठ युद्धों को खत्म किया है। ईरान के परमाणु खतरे को खत्म किया है और गाजा में युद्ध समाप्त किया है जिससे 3000 साल में पहली बार शांति आई है। और बंधकों को जीवित या मृत, घर वापस लाने में सफलता हासिल की है। अब तक दर्जनों बार हो चुका है जब ट्रंप ने दावा किया है उन्होंने लगातार युद्धों को रोका है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी सभी उपलब्धियों के लिए पर्याप्त क्रेडिट न मिलने की शिकायत की है। टैरिफ की वजह से भारी कमाई। ट्रंप ने गिरती रेटिंग और अमेरिका में आसमान छूती कीमतों के बावजूद महंगाई को नजरअंदाज किया और जोर देकर कहा कि टैरिफ से अमेरिका की अर्थव्यवस्था को मदद मिली है। ट्रंप ने कहा, हमने टैरिफ की वजह से किसी के भी अंदाजे से ज्यादा पैसा कमाया और उस बिल ने भी हमारी मदद की। अमेरिकी राष्ट्रपति साल की शुरुआत में पास किए गए गए बड़े टैक्स कटौती कानून का जिक्र कर रहे थे। सिर्फ 33 प्रतिशत अमेरिकी ही इस बात पर सहमत हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अर्थव्यवस्था को सही तरीके से संभाला है।



## जेद्दा से कालीकट जा रही एअर इंडिया फ्लाइट के टायर फटे, हादसा टला

### कोचीन में उतारा गया, 160 यात्री सवार थे

**कोचीन, एजेंसी**

जेद्दा से कोझिकोड जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। प्लेन में 160 यात्री सवार थे। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि फ्लाइट द्धङ्ग 398 को राइट मेन लैंडिंग गियर और टायर फेल होने के कारण कोच्चि डायवर्ट किया गया था। सभी इमरजेंसी सेवाओं को पहले ही एक्टिवेट कर दिया गया था। यात्रियों या क्रू मेंबर्स में किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है। लैंडिंग के बाद जांच में पुष्टि हुई कि दोनों दाहिने तरफ के टायर फट गए थे। एयरलाइन प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सिर्फ टायर फटे थे और लैंडिंग गियर में कोई दिक्कत नहीं थी। यह इमरजेंसी लैंडिंग नहीं बल्कि कोच्चि में की गई एहतियाती लैंडिंग थी क्योंकि करिपुर एक टेबल टॉप एयरपोर्ट है। सभी यात्रियों को एयरपोर्ट लाउंज में ठहराया गया है और उनकी आगे की यात्रा के लिए व्यवस्था की जा रही है। फ्लाइट में देरी या रद्द होने की स्थिति में, एयरलाइन ने आश्वासन दिया है कि यात्रियों को सड़क मार्ग से कोझिकोड ले जाया जाएगा, जो कोच्चि से लगभग सात घंटे की ड्राइव पर है।

### VB 'जी राम जी' बिल पर लोकसभा में हंगामा, कागज फेंके

## शिवराज बोले- हम किसी से भेदभाव नहीं करते

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी वीबी जी राम जी पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष बिल के विरोध में नारेबाजी करता रहा। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते, बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। देश हमारे लिए केवल जमीन का टुकड़ा नहीं है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। नए ग्रामीण रोजगार बिल के खिलाफ विपक्ष ने गुरुवार को संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया बिल वापस लेने के नारे लगाए। गुरुवार को लोकसभा में बिल पर चर्चा के दौरान विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया। विपक्ष ने मांग की कि प्रस्तावित कानून को स्थायी समिति के पास भेजा जाए। उधर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया कि 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच को ब्लॉक कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ की गई है, जो कानून द्वारा प्रतिबंधित कंटेंट प्रसारित कर रहे थे।



### कोहरे से रद्द हुआ लखनऊ टी - 20 मैच, सर्दी के मौसम में स्थान के चयन पर सवाल

# खेल प्रेमियों की निराशा के लिए क्रिकेट बोर्ड ही जिम्मेदार


**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

साउथ अफ्रीका और टीम इंडिया के बीच जारी पांच मैचों की टी20 सीरीज का चौथा मुकाबला रद्द हो गया। लखनऊ के एकाना स्टेडियम में घने कोहरे ओर दृश्यता में कमी की वजह से यह मैच बिना टॉस हुए रद्द करना पड़ा। तमाम औपचारिकता पूरी करने के बाद रात साढ़े नौ बजे इसे रद्द किया गया। टी20 फॉर्मेट की दो चैंपियन टीमों के बीच खेली जा रही 5 मैचों की सीरीज के नाजुक मोड़ पर होने वाले इस अहम मैच के रद्द होने से दर्शकों को बेहद निराशा हाथ लगी,फिर चाहे वह तमाम जद्दोजहद कर मैदान में पहुंचने वाले हों या टीवी पर देखने वाले ही क्यों न हों सभी को मायूसी ही हाथ लगी।आखिरकार इस तरह के वाकये क्यों होते हैं। बीसीसीआई के मैचों के वार्षिक कैलेंडर तय करने वाले अधिकारियों को क्या इस बात का जरा भी एहसाह नहीं होता कि किस मौसम में कौन से शहर में मैचों के आयोजन करना चाहिए। क्या उनका नजरिया सिर्फ यही होता है कि सभी को राज्य क्रिकेट बोर्ड को खुश करना मात्र है। इतने सर्द मौसम में जिस तरह अफ्रीकी टीम के खिलाफ चड़ीगढ़, धर्मशाला ओर फिर लखनऊ को तय किया गया,उसके बाद तो यही लगा कि इन तथाकथित विद्वानों ने क्रिकेट के असली रोमांच को मौसम की चादर में लपेट कर रख दिया है। बीसीसीआई के इस तरह के रवैये से तो यही लगता है कि उनको दर्शकों और खिलाड़ियों की परवाह कतई नहीं है। आखिर कब तक दर्शकों की भावनाओं से खिलवाड़ इसी तरह होता रहेगा। वैसेअगर हम मैच के रद्द होने की वजह से होने वाले व्यावसायिक और आर्थिक नफा नुकसान की बात करें तो फिर बीसीसीआई को शायद ही इससे कोई फर्क पड़ने वाला है क्योंकि सभी मैचों का बीमा किया जाता है जिसकी भरपाई बीमा कंपनी करती हैं।मतलब साफ है कि अगर कोई भी मैच रद्द होता है तो फिर इसका सबसे बड़ा हर्जाना दर्शकों को ही भुगतना पड़ता है।भले ही मैदान में पहुंचने वाले दर्शकों की गेट फीस वापस कर दी जाती हो,लेकिन किसी भी मैच को देखने के लिए शहर और स्टेडियम तक पहुंचने की व्यवस्था की भरपाई बिना मैच देखे उसके ही खाते आती है।टीवी पर देखने वाले दर्शकों के नजरिए से देखें तो उनको भले ही आर्थिक नुकसान न हो लेकिन व्यस्तता के दौर में जब खेल के चाहने वाले अपने कार्यक्रमों में हेरफेर कर मैच का लुत्फ उठाने के मूड में हों और मैच रद्द हो जाये तो उनको भी निराश ही होना पड़ता है।अब सवाल तह उठता है कि हमारे देश मे जहां क्रिकेट की धर्म और खिलाड़ियों को भगवान तक का दर्जा दिया जाता है तो फिर संसार के सबसे रईस क्रिकेट बोर्ड को खेल की रोमांचकता बरकरार रखने के लिए इस तरह के आयोजन पर मौसम को लेकर सतर्कता क्यों नहीं बरतना चाहिए। टी 20 फ़ॉर्मेट की शुरुआत 9 दिसंबर को कटक से हुई। इसके बाद न्यू चंडीगढ़,धर्मशाला और फिर लखनऊ के बाद अहमदाबाद तक इसका सफर रहेगा। सभी टी20 मैचों का समय शाम 7 बजे तय किया गया। भारत मे दिसंबर ओर जनवरी माह में सर्द मौसम का सितम तय रहता है और जब बात इन मैदानों की हो तो फिर सभी को मालूम है कि इन जगहों के हाल क्या और कैसे रहते हैं। तब सवाल यह उठता है फिर इतनी ठंडी और प्रतिकूल मौसम में ही क्यों मैचों के आयोजन तय किया गया। क्या बीसीसीआई को खिलाड़ियों और दर्शकों के स्वास्थ्य से कोई लेना देना नहीं रहता है। क्या खेल के लिए मौसम की अनुकूलता को ध्यान में नहीं रखना चाहिए।

# वेतन कटने के डर से बढ़ी शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति, कई जिलों में 100 फीसदी तक पहुंची

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मध्य प्रदेश के भोपाल में स्कूल शिक्षा विभाग की सख्ती का असर शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति में दिखने लगा है। प्रदेश के कई जिलों में शिक्षकों की उपस्थिति अब शत-प्रतिशत दर्ज हो रही है। दरअसल, विभाग ने हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर वेतन काटने का फरमान सुना दिया था।

स्कूल शिक्षा विभाग की सख्ती का असर शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति में दिखने लगा है। प्रदेश के कई जिलों में शिक्षकों की उपस्थिति अब शत-प्रतिशत दर्ज हो रही है। दरअसल, विभाग ने हमारे शिक्षक एप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं करने पर वेतन काटने का फरमान सुना दिया था। इसके बाद से शिक्षकों में हलचल मच गई और स्थिति अब ये रही कि अधिकांश जिलों में आंकड़ा 90 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। यानी 95 प्रतिशत शिक्षक ऑनलाइन एप से उपस्थिति लगा रहे हैं। इस मामले में सबसे ऊपर अनुपपूर व झाबुआ हैं, यहां आंकड़ा शत-प्रतिशत है। जबकि आलीराजपुर में स्थिति सबसे खराब है, यहां उपस्थिति इतनी कम है कि आंकड़ा एक प्रतिशत भी नहीं पहुंची है। वहीं बड़े महानगरों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहां भी आंकड़ा 70 प्रतिशत से कम है। लिहाजा, विभाग ने एक बार फिर आदेश जारी कर सभी जिलों में 100 प्रतिशत तक उपस्थिति लगाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को हमारे शिक्षक एप के माध्यम से एक जुलाई से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराना था, लेकिन बार-बार आदेश जारी होने के बाद शिक्षक व प्राचार्य ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे थे। यहां तक कि प्राचार्यों व शिक्षकों को नोटिस भी जारी किया गया। इसके बाद भी आनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे थे। शिक्षक डाटा लीक होने, नेटवर्क न होने, स्मार्ट फोन नहीं होने सहित कई बहाने बना रहे थे। इस संबंध में शिक्षकों ने उच्च न्यायालय में याचिका लगाई। उच्च न्यायालय ने भी शिक्षकों को आनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए। इसके बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने सख्ती करते हुए एप से हाजिरी नहीं लगाने पर वेतन काटने का आदेश दिया। इस फरमान के बाद कई जिलों के 95 फीसद से अधिक शिक्षक आनलाइन उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।





### अभी भी अतिथि शिक्षक ही आगे

इस मामले में अतिथि शिक्षक पहले से आगे हैं। फरमान जारी होने से पहले भी 90 फीसद से अधिक अतिथि शिक्षक एप के माध्यम से आनलाइन उपस्थिति दर्ज करा रहे थे। अब भी हर जिले में इनका प्रतिशत 92 से अधिक है। जबकि मुख्य शिक्षक 51 फीसद आंकड़े पर थे जो अब बढ़ गया है। इसी तरह प्राचार्य भी 53 फीसद से ऊपर पहुंच गए हैं।

**प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों की संख्या में इजाफा**

# हिमालय-साइबेरिया के पक्षी रामसर साइट पर, पिकनिक पार्टी पर रोक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सर्दी बढ़ने के साथ राजधानी में प्रवासी और अप्रवासी पक्षियों की संख्या में इजाफा हो गया है। रामसर साइसर और वेटलैंड में पिछले साल के मुकाबले यह 50 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। हिमालय की तराई और साइबेरिया के बर्ड इसमें शामिल हैं। राजधानी में रामसर साइट्स सहित वैटलैंड पर अब तक 50 से 60 प्रजातियों के पक्षी आ चुके हैं। इनमें हिमालय की तराई से फायर कैप्ड टिट शामिल हैं। इसके अलावा साइबेरियाई क्रेन लंबी दूरी पार यहां पहुंचे। पहचान और गिनती के लिए काउंटिग दिसंबर में शुरू होगी। यह वन विहार और एजेंसी मिल कराएगी। इसमें संख्या का सही अंदाजा लग सकेगा। बताया गया कि जलवायु परिवर्तन का प्रवासी पक्षियों पर असर हुआ है। इनकी संख्या कुछ स्थानों पर कम हुई है। इससे पहले यूक्रेन वार ने भी इनके रूट में रुकावट डाली जिसका असर राजधानी में इनकी संख्या पर हुआ था। आवाजाही पर रोक, सुरक्षा के लिए वन विभाग ने लगाई फेंसिंगः पक्षियों की सुरक्षा के चलते रामसर साइट्स में आवाजाही पर रोक है। यहां पिकनिक, पार्टियों की संख्या बढ़ गई थी। सुरक्षा के लिए यहां फेंसिंग हैं। वन विभाग के रेंजर शिवपाल पिपरदे ने बताया यहां पर्यावरण और वानिकी के तहत यहां इंतजाम किए जा रहे हैं। वन विभाग ने यहां पहले ही फेंसिंग लगा दी है।



# चंद्रप्रकाश बने सिंधु समाज के अध्यक्ष, भरत महासचिव बनाए गए



**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

सिंधु समाज की आगामी 2 वर्षो के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों व कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। जिसमें चंद्रप्रकाश इसरानी को संस्था का अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी गई है। वही भरत आसवानी को महासचिव बनाया गया है। प्रबंधन कार्यकारिणी में नरेश तोलानी, मनोहर वीधानी, राजेश बेलानी, दिलीप मंगतानी हैं। वहीं उपाध्यक्ष हरीश मेहरचंदानी, सचिव पुरूषोत्तम हरचंदानी, सहसचिव माधव पारदासानी, कोषाध्यक्ष गुरूदास रामचंदानी, सह-कोषाध्यक्ष जगदीश खुशालानी, ऑडिटर ओम प्रकाश रीझवानी को बनाया है। कार्यकारिणी में कन्हैयालाल इसरानी, मोहनलाल मनवानी मोहनलाल चंदनानी, किशन पमनानी, रामचंद नाथानी, सुरेश वासवानी को लिया गया है साथ ही मुख्य सलाहकार लोकुमल आसवानी, विशेष आमंत्रित सदस्य, सलाहकार व सरंक्षक भी बनाएं गए है। अध्यक्ष बनने के बाद चन्द्रप्रकाश इसरानी ने कहा कि संस्था को मजबूती प्रदान करने का प्रयास सभी के साथ मिलकर किया जाएगा।

## लालवानी उप ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए



**हिरदाराम नगर.** कांग्रेस ने ब्लॉक स्तर पर नियुक्तियां की हैं। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी की सहमति से ब्लॉक स्तर पर अध्यक्ष व उप ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए हैं। संतनगर ब्लॉक में घनश्याम लालवानी को फिर उप ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं गांधीनगर में सोनू तोमर को उप ब्लॉक अध्यक्ष बनाय गया है। इसके अलावा फंदा अध्यक्ष रामभरोसे राठौर को बनाया है। तूमड़ा उपब्लाक सुरेश पटेल बने है। प्रदेश कांग्रेस ने 780 अध्यक्षों की सूची जारी की है। संतनगर ब्लॉक अध्यक्ष उसमें नहीं हैं।

## संतजी की 19वीं पुण्यतिथि पर युवा सिंधी मंच करेगा भंडारा

**हिरदाराम नगर.** युवा सिन्धी मंच संत हिरदाराम साहबजी की 19वीं पुण्यतिथि मनायेगी। मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी बताया कि संत जी की पुण्यतिथि वर्ष 2007 से निरंतर आज तक संस्था करती चली आ रही है। कार्यक्रम सुबह 11.00 से 12.00 बजे तक, रामधुनी, व भण्डारा कार्यक्रम 1 से शाम 5 बजे तक मेन रोड पेट्रोल पम्प के पास आयोजित किया जायेगा।

**विजय दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम हुए**

# 1971 की जीत के गौरवशाली इतिहास को किया याद

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

16 दिसंबर, 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान पर ऐतिहासिक विजय हासिल कर गौरवशाली इतिहास रचा था, विजय दिवस पर संतनगर के स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए, जांबाज सेना को सैल्यूट किया गया। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत लघु नाटिका की प्रस्तुति की गई। नाटिका में 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना की ऐतिहासिक विजय और सैनिकों के शौर्य का प्रभावशाली चित्रण किया गया। छात्रों ने देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य ए. एन. मणिकंडन ने कहा कि देशभक्ति हम सभी का प्रथम दायित्व है और हमें सैनिकों के त्याग एवं बलिदान को सदैव स्मरण रखना चाहिए।

**बुजुर्गों की सहायता के राशि भेंट:** नवनिध स्कूल में विजय दिवस पर छात्राओं ने प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास मिलकर बड़ा परिवर्तन लाते हैं। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए एकत्र की गई ?1,01,001 की राशि का चेक 'हेल्पएज इंडिया' की प्रतिनिधि अनुराधा मिश्रा को सौंपा गया। विद्यालय की प्राचार्या अमृता मोटवानी ने कहा कि बड़ों का आशीर्वाद जीवन में सफलता का आधार होता है। कार्यक्रम में भाषण, कविता-पाठ, लघु नाटिका और पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया।

**युद्ध की गौरवगाथा सुनाई :** संस्कार पब्लिक स्कूल में विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कर्नल नारायण पारवानी एवं संस्था सचिव बसंत चेलानी ने 1971 के भारत-पाक युद्ध की गौरवगाथा का बच्चों के सामने रखा। युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और मौन धारण किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा ने आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिवार के सभी सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।




फोटो- नवनिध, मिठी, संस्कार

## आज रात 12 बजे थम जाएगा डिजिटाइजेशन, 23 दिसंबर को आएगी फाइनल वोटर लिस्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के अंतर्गत गणना पत्रक जमा करने और उनके डिजिटाइजेशन का कार्य गुरुवार को पूरा हो जाएगा। रात बारह बजे इस पूरी प्रक्रिया को रोक दिया जाएगा। इसके बाद मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर को किया जाएगा, जिसके साथ ही दावा-आपत्ति के आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। चुनाव आयोग के रिकार्ड के अनुसार अब तक 5,74,06,140 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। जिन लगभग 12 लाख मतदाताओं द्वारा गणना पत्रक अधूरे भरे गए थे, उनसे वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर बूथ लेवल ऑफिसरों ने संपर्क किया। इस दौरान हजारों की संख्या में पत्रकों में आवश्यक सुधार भी कराए गए। प्रारंभिक मतदाता सूची जारी होने के बाद यह स्थिति स्पष्ट होगी कि कितने नाम सूची से हटाए गए हैं। मृत, अनुपस्थित तथा स्थानांतरित मतदाताओं की अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएंगी और संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे।

## भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस में ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली आरक्षण काउंटर पर लागू

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

रेल प्रसाशन द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए चयनित ट्रेनों के लिए ओटीपी आधारित प्रमाणीकरण लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली शताब्दी एवं वन्दे भारत एक्सप्रेस में पहले से ही सफलतापूर्वक लागू की जा चुकी है। गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर में भी 18 दिसम्बर, 2025 से ओटीपी आधारित तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली आरक्षण काउंटर पर लागू किया जा रहा है। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि इस नई संशोधित व्यवस्था के तहत तत्काल टिकट आईआरसीटीसी वेबसाइट/ऐप/ आनलाइन के अतिरिक्त कंप्यूटरीकृत आरक्षण काउंटरके माध्यम जारी से भी केवल ओटीपी सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे। बुकिंग के दौरान सिस्टम द्वारा एकवन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) जनरेट किया जाएगा, जो उपयोगकर्ता/यात्री द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। तत्काल टिकट सफल ओटीपी वैधता (Validation) के पश्चात ही जारी किए जाएंगे। यह व्यवस्था फर्जी बुकिंग को रोकने, पारदर्शिता बढ़ाने एवं यात्रियों को सुरक्षित और सुगम सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल यात्रियों से अपील करता है कि तत्काल टिकट हेतु बुकिंग करते समय अपना वैध एवं सक्रिय मोबाइल नंबर अवश्य प्रदान करें, ताकि ओटीपी सत्यापन के बाद टिकट निर्गमन में कोई बाधा न आए।

**नुक्कड़ वाली माता मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया पूजन**

# हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुई महाआरती

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में हर मंगलवार को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती की जाती है। नुक्कड़ वाली माता मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालु चालीसा पाठ कर हनुमानजी की आराधना करते हैं। सकल हिंदू समाज इसका आयोजन करता है।

श्री राम जय राम जय जय राम के मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर भक्तिमय हो जाता है। पंडित रवि पटेरिया ने आगामी 20 जनवरी को रामभक्त हनुमान जी महाराज का प्रथम स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर 1100 सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान पूर्व जिला पंचायत सदस्य विष्णु विश्वकर्मा रहेंगे, जबकि रामचरितमानस पाठ के यजमान सुरेंद्र राठौर होंगे। बता दे 4 नवंबर, मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के वरिष्ठ नेता विशाल पुरोहित द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया था, जिसे अब लगभग दो माह पूर्ण होने जा रहे हैं। कार्यक्रम में नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के वरिष्ठ नेता विशाल पुरोहित, गुफा मंदिर से डॉ. रामकुमार देवलिया, कथा व्यास चंद्रभान उपाध्याय, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष मधु चंदवानी पत्रकार संघ के संस्थापक अध्यक्ष कमल मनसुखानी, वार्ड पंच के पार्षद अशोक मारण विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ रूपकुमार सोनी हिंदू फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिंदू, विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह गुर्जर, बजरंग दल के जिला सह-संयोजक दयामेर, सहित नुक्कड़ वाली माता मंदिर एवं पिपलेश्वर हनुमान मंदिर के सेवादार तथा सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।



**मेट्रो एंकर** | **स्वराज संस्थान संचालनालय का जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह**

# इतिहास की पुनर्रचना, दिखी कुंवर सिंह की शौर्य गाथा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा आयोजित जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह के दूसरे दिन शहीद भवन में अभय सिन्हा के निर्देशन में नाटक बाबू वीर कुंवर सिंह का मंचन किया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की 1857 की क्रांति में बिहार के अनेक वीर सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी। ऐसे ही महान योद्धा वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के विरुद्ध जंगे आजादी का बिगुल बजाकर ब्रिटिश सैनिकों को भारत से भागने के लिए मजबूर कर दिया। आरा कोषागार को लूटकर बंदीगृह के कैदियों को छुड़ाया। पटना के तत्कालीन कमीश्नर विलियम टेलर के कर्ज के बदले बागी सिपाहियों को पकड़वाने की शर्त को ठुकराते हुए अंग्रेज सैनिकों से युद्ध किया और गंगा पार करते समय ब्रिटिश सेनापति आयर की गोली से घायल होने पर बांह काटकर गंगा में समर्पित करते हुए शहीद हो गए। पटकथा पर आधारित बाबू वीर कुंवर सिंह नाट्य प्रस्तुति में वीर कुंवर सिंह की बलिदान गाथा से जुड़े घटनाक्रमों को कलाकारों ने बड़े ही रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। कुंवर सिंह के किरदार में संजय सिंह, उमर सिंह का अभिनय करने वाले आशुतोष कुमार, आयर बने अमिताभ रंजन सहित निलेश्वर मिश्रा, राजेश पाण्डेय, रत्नेश कुमार, अनिल वर्मा, संजय, अरविन्द, दिनेश, प्रकाश, सुनील, ओमप्रकार, सीमा, सुरभि, दृष्टि का अभिनय एवं रोशन कुमार की आकर्षक प्रकाश परिकल्पना, सुनील कुमार एवं प्रकाश भारती की मंच परिकल्पना, सीमा चक्रवर्ती की वेशभूषा, अरुण सिन्हा के गीत एवं रामकृष्ण सिंह का संगीत भी सराहनीय रहा। आज के कार्यक्रमः जनयोद्धा राष्ट्रीय नाट्य समारोह में 18 दिसंबर, शाम 6.30 बजे शहीद भवन में चंडीगढ़ के वरिष्ठ रंग निर्देशक सुदेश शर्मा के निर्देशन में शहीद उधम सिंह आज़ाद नाटक प्रदर्शित होगा।



## एनजीटी में सुनवाई टली, अब 11 फरवरी को पेशी

**भोपाल.** शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बड़ा तालाब के संरक्षण और इसके कैचमेंट एरिया में हो रहे अवैध कब्जों के मामले में बुधवार को नेशनल ग्रीन ट्रियूनल में सुनवाई टल गई है। अब अगली सुनवाई 11 फरवरी को होगी। इस मामले में आर्य श्रीवास्तव ने याचिका दायर की है। याचिका के मुताबिक बड़े तालाब के प्रतिबंधित क्षेत्रों और एफटीएल के आसपास बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण किए गए हैं।


राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY DELHI
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
(An autonomous Institute under the aegis of Ministry of Education (Shiksha Mantralaya), Govt. of India)
Plot No. FA7, Zone P1, GT Karnal Road, Delhi-110036, INDIA
दूरभाष/Tele: +9111-33861000, 1001, वेबसाइट/Website: www.nitdelhi.ac.in

F. No.: NITD/01/Admn/628/2025-26 Dated: 17.12.2025

ADVT. NO: 21/2025

RECRUITMENT OF FACULTY POSITIONS

Online applications are invited from Indian Nationals for recruitment to faculty positions in various Departments of NIT Delhi at different Pay Levels. Reservations shall be applicable as per the Government of India Norms.

Detailed information regarding Eligibility Criteria, Department-Wise Vacancies, Pay Levels, and other relevant instructions is available on the Institute's official website: www.nitdelhi.ac.in.

- The online application portal shall remain open from **17.12.2025** to **07.01.2026.**
- The hard copy of the duly filled-in and signed application form, along with all requisite self-attested supporting documents, must reach the Institute on or before **19.01.2026** (till 5:00 PM).

cbc21275/12/0007/2526

Sd/-
(Prof. (Dr.) Hitesh Sharma)
Registrar, NIT Delhi



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 11वें अंतरराष्ट्रीय वन मेले का शुभारंभ किया। साथ ही उन्होंने विंध्या हर्बल सहित विभिन्न स्टॉल का अवलोकन कर औषधि एवं हर्बल उत्पादों की जानकारी ली।

### नो मैपिंग वाले 1.21 लाख वोटर्स को मिलेंगे नोटिस

# भोपाल की मतदाता सूची से हटेंगे 4.40 लाख मतदाता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल की वोटर्स लिस्ट से 4 लाख 40 हजार से ज्यादा वोटर्स हटेंगे। बुधवार को ये तस्वीर साफ हो गई। स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में ये वोटर्स या तो अपने पत्ते पर नहीं मिले, या फिर और कहीं शिफ्ट हो गए हैं।

इनमें से 33 हजार से ज्यादा मतदाता मृत भी हो चुके हैं। दूसरी ओर, नो मैपिंग वाले 1 लाख 21 हजार वोटर्स को नोटिस दिए जाएंगे। उन्हें 50 दिन के अंदर जरूरी सभी दस्तावेज पेश करने का मौका दिया जाएगा।

बता दें कि भोपाल में एसआईआर के डिजिटलाइजेशन का काम पूरा हो चुका है। कुल 16 लाख 83 हजार 414 वोटर्स के फॉर्म डिजिटलाइज किए गए। दूसरी ओर, 1 लाख 21 हजार 21 वोटर्स ऐसे मिले हैं, जिनका 2003 की वोटर्स लिस्ट के अनुसार डेटा नहीं मिला। कुल 5.69 प्रतिशत वोटर्स को नो मेपिंग के दायरे में रखा गया है। इनका रिकॉर्ड 50 दिन के अंदर जिला प्रशासन ढूंढेंगा। यदि रिकॉर्ड नहीं मिलता है तो नाम भी काटे जाएंगे। एएसडीआर यानी, मृत, एबसेंट, शिफ्टेड, डबल और अन्य कैटेगरी के वोटर्स को कलेक्टर से लेकर प्राचार्य तक ने क्रॉस चेक किया। दो दिन तक यह काम चला। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने खुद 92 वोटर्स के वेरिफिकेशन का जिम्मा लिया था। जानकारी के अनुसार, अनकलेक्टेबल कैटेगिरी में शामिल मतदाताओं की जांच के लिए कुल 551 अधिकारी, बीएलओ और सुपरवाइजर की जिम्मेदारी तय की गई थी।

## भावांतर योजना में कृषकों को सरसों और मूंगफली का भी लाभ दिया जायेगा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने के लिये विधानसभा में हुई चर्चा के दौरान सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि राज्य सरकार भावांतर योजना में कृषकों को सरसों और मूंगफली का लाभ भी देने की कार्य-योजना बना रही है। प्रदेश में मौसम आधारित बीमा योजना शीघ्र ही प्रारंभ की जायेगी। किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने के लिये होम डिलेवरी सेवा भी शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है।







## उपलब्धि या परीक्षा

ग्रामीण भारत की रोजगार व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार की नई पहल- विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) ने एक बुनियादी सवाल खड़ा कर दिया हैः क्या विकास की नई परिकल्पना पुरानी नींव को तोड़कर खड़ी की जा सकती है? मनरेगा के स्थान पर प्रस्तावित इस योजना को लेकर नीति, राजनीति और समाज-तीनों स्तरों पर मंथन तेज है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए आर्थिक सुरक्षा की गारंटी रही है। दो दशकों में मनरेगा ने लाखों परिवारों को संकट के समय सहारा दिया। इसने गांवों से शहरों की मजबूरी भरी पलायन यात्रा को आंशिक रूप से रोका और जल-संरक्षण, सड़क, तालाब जैसी स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण किया। स्वयं सरकार के मंत्री द्वारा इसके महत्व को स्वीकार किया जाना बताता है कि यह योजना पूरी तरह असफल नहीं थी। फिर भी, यह सच है कि मनरेगा अपने वादों और व्यवहार के बीच लगातार संघर्ष करती रही। साल में 100 दिन के रोजगार की गारंटी अक्सर आंकड़ों तक सिमट गई। मजदूरी भुगतान में देरी, मांग के बावजूद काम न मिलना और बजटीय अनिश्चितता ने इसकी साख को कमजोर किया। ऐसे में नए प्रस्ताव में रोजगार के दिनों को 125 तक बढ़ाने का विचार उम्मीद जगाता है। साथ ही, बायोमेट्रिक सत्यापन, जीपीएस निगरानी और तकनीक के इस्तेमाल से भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की मंशा भी स्वागतयोग्य है। लेकिन सवाल यह है कि क्या तकनीक से भरोसा पैदा होगा, या केवल नियंत्रण बढ़ेगा? योजना के कुछ प्रावधानों ने चिंता भी बढ़ाई है। खेती के चरम मौसम में रोजगार कार्य रोकने और लागत को राज्यों के साथ साझा करने का प्रस्ताव राजनीतिक विवाद के केंद्र में है। हालांकि यह तर्क नया नहीं है- पहले भी कहा गया था कि मनरेगा के चलते कृषि कार्यों में मजदूरों की कमी होती है। इसी तरह, राज्यों की भागीदारी से जवाबदेही बढ़ने की दलील भी पुरानी है। फर्क बस इतना है कि अब इन्हें नए नाम और नए मिशन के साथ पेश किया जा रहा है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव मजबूत होंगे। इसके लिए जरूरी है कि रोजगार नीति को राजनीतिक हथियार नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सहमति का विषय बनाया जाए। सवाल यह नहीं कि कौन सी सरकार श्रेय लेगी, बल्कि यह है कि क्या ग्रामीण भारत को सचमुच सुरक्षित भविष्य मिलेगा। यही इस बहस की असली कसौटी है।

# इतिहास कहेगा मध्यप्रदेश ने अपने हिस्से की मशाल जलाए रखी...



**कैलाश विजयवर्गीय**
प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री

मध्यप्रदेश का जन्म एक विशिष्ट और असामान्य ऐतिहासिक संयोग का परिणाम था। इस क्षेत्र के निवासियों द्वारा कभी किसी पृथक 'मध्यप्रदेश' राज्य की औपचारिक मांग नहीं की गई थी। स्वतंत्रता के बाद गठित राज्य पुनर्गठन आयोग मुख्यतः भाषाई आधार पर राज्यों के गठन की प्रक्रिया पर कार्य कर रहा था, किन्तु मध्यप्रदेश का निर्माण भाषाई नहीं बल्कि प्रशासनिक और भौगोलिक पनुर्संरचना के आधार पर हुआ। मध्यप्रदेश का गठन चार भिन्न-भि न्न प्रशासनिक इकाइयों के विलय से हुआ–

**विंध्य प्रदेशः** स्वतंत्रता से पूर्व यह क्षेत्र मुख्यतः बघेलखंड और बुंदेलखंड के नाम से जाना जाता था। विंध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शंभनूाथ शुक्ल थे। वे एक सक्षम प्रशासक होनेके साथ-साथ साहित्यकार और पत्रकार भी थे।



**मध्य भारत राज्यः** इस राज्य में इंदौर और ग्वालियर जैसी प्रमुख रियासतोंके अतिरिक्त लगभग पच्चीस अन्य रियासतें सम्मिलित थीं। जब मध्य भारत का मध्यप्रदेश में विलय हुआ, उस समय इसके मुख्यमंत्री तख्तमल जैन थे।

**भोपाल रियासतः** भोपाल रियासत के मुख्यमंत्री शंकरदयाल शर्मा थे, जिन्होंने आगे चलकर देश के उपराष्ट्रपति और फिर राष्ट्रपति के रूप में भारत की सेवा की।उन्होंने औद्योगिक और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में दूरदर्शी पहल की। उनके प्रयासों से बदुनी में ट्रैक्टर टेस्टिग एवं प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना हुई। साथ ही, भोपाल में पॉलिटेक्निक तथा इंजीनियरिग कॉलेज की स्थापना भी उन्हीं की दूरदृष्टि का परिणाम थी।

**महाकौशल क्षेत्र :** यह क्षेत्र प्रशासनिक दृष्टि से पहले से संगठित था और बाद में मध्यप्रदेश का अभि न्न अंग बना। इस प्रकार, मध्यप्रदेश किसी एक सांस्कृतिक या भाषाई आंदोलन का परिणाम नहीं, बल्कि विभिन्न ऐतिहासिक, प्रशासनिक और रियासती इकाइयों के एकीकरण से अस्तित्व मेंआया राज्य है, जिसने आगे चलकर भारतीय संघ में एक सशक्त, संतुलित और बहुआयामी राज्य के रूप में अपनी पहचान स्थापित की। तत्कालीन मध्य प्रदेश आर्थिक रूप से अवश्य पिछड़ा था किन्तु केन्द्रीय स्तर पर राजनीतिक भागीदारी जरा भी कम नहीं थी। शंकर दयाल शर्मा जी आगे चलकर उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति भी बने।

**1956 से 2025: विकास की एक दीर्घ और निर्णायक यात्राः** इस अवधि में मध्यप्रदेश ने विकास की एक अत्यंत लंबी और परिवर्तनकारी यात्रा तय की है। जब 1956 मेंइस राज्य का गठन हुआ था– प्रति व्यक्ति आय मात्र 261 रुपये थी। आज यह बढ़कर 1.5 लाख रुपये से अधिक हो चुकी है। राज्य का बजट 1956 में493 करोड़ रुपये था, जो आज बढ़कर 4.21 लाख करोड़ रुपयेतक पहुँच चुका है।साक्षरता दर 1956 मेंः 16.83% थी ,2011 मेंः 69.32% – अर्थात चार गुना से भी अधिक वृद्धि। ये केवल आंकड़े नहीं हैं। ये उन लाखों परिवारों की जीवन-गाथा हैं, जिन्होंने अंधेरे से उजाले तक का सफर तय किया है। 2003 के बाद मध्यप्रदेश के विकास को न केवल गति मिली, बल्कि उसे स्पष्ट दिशा और ठोस परिणाम भी प्राप्त हुए। आज राज्य में 5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क है। इस मामले में मध्यप्रदेश देश में चौथे स्थान पर है। एक समय बिजली की गंभीर कमी सेजूझनेवाला मध्यप्रदेश आज पावर सरप्लस राज्य बन चुका है। नवीकरणीय ऊर्जा रीवा और ओंकारेश्वर जैसे प्रकल्पों ने प्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। राज्य को लगातार 7 बार कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त हुआ। दलहन, तिलहन और सोयाबीन उत्पादन में प्रदेश आज देश में प्रथम स्थान पर है।

डॉ. मोहन यादव के कार्यकाल में दो साल में विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। धार में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया गया। इस परियोजना से 3 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। 6 लाख कपास उत्पादकों को लाभ होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, राष्ट्रिय इंटरैक्टिव सेशन और विदेश यात्राओं के माध्यम से 32 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इनसे 23 लाख से अधिक रोजगार सृजन का अनुमान है। इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4,800 श्रमिक परिवारों को 224 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना के अंतर्गत केन-बेतवा परियोजना का भूमिपूजन किया गया। पार्वती-काली सिध-चंबल लिक परियोजना के लिए त्रिपक्षीय समझौता किया गया। नामांतरण, बंटवारा जैसे राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन निराकरण के लिए साइबर तहसील लागू की गई। साइबर तहसील लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बना।

स्वावलंबी गौशालाओं की स्थापना नीति-2025 स्वीकृत की गई। प्रदेश के चार जिलों–अगर मालवा, इंदौर, ग्वालियर और उज्जैन–में आदर्श गौशालाएं स्थापित की गईं । उज्जैन में प्रदेश की पहली मेडिकल सिटी एवं मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया गया। पीएम श्री एयर एंबुलेंस सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों को एयरलिफ्ट किया गया। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' के मंत्र के अनुरूप कार्य करते हुए शहरी के्षत्रों में आवास, आधारभूत संरचना, स्वच्छता, गतिशीलता और सुशासन को नई दिशा दी है। विगत 02 वर्षों में 1 लाख 64 हजार से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया। 2,65,492 हितग्राहियों को 1,749.17 करोड़ की राशि DBT के माध्यम से प्रदान की गई। अमृत मिशन एवं शहरी आधारभूत सेवाएँ। जलापूर्ति, सीवरेज,ड्रेनेज एवं हरित स्थलों के विकास में तेज़ी लाई गई। नागरिकों को 24×7 पेयजल आपूर्ति की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। हम विचारों में अलग हो सकते हैं, लेकिन मध्यप्रदेश के भविष्य के प्रश्न पर हम एक हैं। जब 2047 आए, तो इतिहास यह न कहे कि अवसर था, लेकिन साहस नहीं। बल्कि इतिहास यह कहे–कि मध्यप्रदेश ने अपने हिस्से की मशाल जलाए रखी।

**(प्रदेश की 70 सालों की यात्रा को लेकर राज्य विधानसभा में दिए उद्बोधन पर आधारित)**

# संसद में प्रदूषण पर चर्चा का मुद्दा हवा में उखड़ती सांसें और हम चुप हैं



**राजकुमार सिन्हा**
बरगी बांध प्रभावित संघ से सम्बद्ध

वायु प्रदूषण आज हमारे समय का सबसे मौन लेकिन सबसे घातक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन चुका है। शहर हों या गांव, हर जगह हवा में घुले अदृश्य जहरीले कण, जैसे औद्योगिक धुआं, वाहनों का उत्सर्जन, थर्मल पावर प्लांटों की राख और घरेलू ईंधन का धुआं लोगों की सांसों पर भारी पड़ रहे हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि लोग बिना शोर-शराबे के बीमार हो रहे हैं। न इसका दर्द तुरंत दिखता है, न इसकी मार तत्काल महसूस होती है, लेकिन शरीर को भीतर से खोखला करने की इसकी क्षमता बेहद तेज है। आज हवा में घुला जहर केवल पर्यावरण संकट नहीं, बल्कि मानव स्वास्थ्य पर चल रहा एक धीमा हमला है।



वायु प्रदूषण को रोकना अब केवल पर्यावरणीय आवश्यकता नहीं रहा,यह एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति बन चुका है। वायु प्रदूषण सिर्फ स्वास्थ्य की समस्या नहीं, यह सामाजिक असमानता का आईना भी है। सबसे गंदी हवा वही लोग सांस में लेते हैं जो इसके लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं,गरीब परिवार, सड़क किनारे रहने वाले लोग, औद्योगिक क्षेत्रों के पास बसे समुदाय और मेहनतकश मजदूर। सांस की बीमारियां जैसे अस्थमा, सीओपीडी, खांसी, ब्रोंकाइटिस अब हर घर की सामान्य शिकायत बनती जा रही हैं। दिल और दिमाग पर इसका प्रभाव और भी घातक है। हवा में मौजूद सूक्ष्म कण रक्त में घुलकर दिल का दौरा, उच्च रक्तचाप और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ा देते हैं। वायु प्रदूषण की सबसे ज्यादा मार बच्चों पर पड़ती है। उनके विकसित होते फेफड़े प्रदूषित हवा सहन नहीं कर पाते, जिससे जीवनभर के लिए फेफड़ों की क्षमता कम हो जाती है। बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी अत्यधिक जोखिम में रहती हैं, क्योंकि उनकी कमजोर प्रतिरोधक क्षमता हवा में मौजूद सूक्ष्म विषैले कणों से प्रभावी ढंग से लड़ नहीं पाती।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के जलवायु, पर्यावरण और स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वायु प्रदूषण से हर साल विश्व में लगभग 90 लाख मौतें होती हैं। नवंबर में प्रकाशित लैंसेट की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 मंफ भारत में 17 लाख मौतें वायु प्रदूषण के कारण हुई।यह संख्या 2010 की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है।इनमें से 7.5 लाख मौतों के लिए जीवाश्म ईंधन जिम्मेदार है।अकेले कोयले से लगभग 4 लाख मौतें हुई हैं। वैश्विक स्तर पर जीवाश्म ईंधन से जुड़े वायु प्रदूषण के कारण 25.2 लाख मौतें दर्ज की गईं। ये निष्कर्ष ऐसे समय में आए हैं जब दिल्ली और उत्तर भारत का बड़ा हिस्सा फिर से घने शीतकालीन धुंध की चपेट में है।दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 360 के पार पहुंच चुका है। कई इलाकों में पीएम 2.5 स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन की तय सुरक्षित सीमा से 20 गुना अधिक दर्ज किया गया है। हरियाणा में वायु प्रदूषण के कारण प्रीमेच्योर डिलीवरी के मामलों में वृद्धि देखी गई है। पीजीआई रोहतक की गायनी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया के अनुसार,एक वर्ष में 13,500 डिलीवरी हुई है। इनमें से 18 प्रतिशत (2,430 बच्चे) प्रीमेच्योर जन्मे हैं। इसका प्रमुख कारण प्रदूषण बताया गया है। राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य संस्थान द्वारा कोयला खदानों के पास रहने वाले 1,202 लोगों पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 14.3 प्रतिशत श्रमिकों,10 प्रतिशत पर्यवेक्षक कर्मचारियों और 7.8 प्रतिशत स्थानीय निवासियों के फेफड़ों का कार्य असामान्य था। एक्स-रे में फेफड़ों में फाइब्रोसिस के मामले भी सामने आए हैं। भारत में वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए कई कानून मौजूद हैं। वायु (रोकथाम और प्रदूषण का नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत केंद्र और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निगरानी और कार्रवाई की शक्तियां दी गई हैं।



राज्य सरकार ने शहरों में प्रदूषण कम करने के लिए नगर वन योजना को पुनर्जीवित करने की घोषणा की है, जिसके तहत पांच वर्षों में 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। लेकिन दूसरी ओर,भोपाल में 27,000 पेड़ काटने का प्रस्ताव विरोध के बाद रद्द हुआ।अयोध्या बायपास विस्तार के लिए 8,000 पेड़ों की कटाई पर विरोध। जबलपुर, सागर, रायसेन और मंडला में अवैध या नियमविरुद्ध पेड़ कटाई के मामलों पर हाईकोर्ट और एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा है। ये उदाहरण दिखाते हैं कि विकास की अंधी दौड़ में पर्यावरणीय संतुलन लगातार नज़र अंदाज किया जा रहा है।

उद्योग, शहरीकरण और उपभोग को अनियंत्रित रूप से बढ़ाते हुए हमने हवा, पानी और मिट्टी तीनों को प्रदूषित कर दिया है।वायु प्रदूषण अब भविष्य की नहीं, आज की आपदा है। अगर संसद, सरकार और समाज ने इसे स्वास्थ्य आपातकाल की तरह नहीं लिया, तो इसकी कीमत हमें सांसों से चुकानी पड़ेगी।

**-यह लेखक के अपने विचार हैं।**

## सुविचार

*समझनी है जिंदगी तो पीछे देखो, जीनी है जिंदगी तो आगे देखो...*

*-अज्ञात*

## निशाना

### जहां गिद्ध सियासी उड़ते हों..!



**डॉ.आशीष श्रीवास्तव**

अब चुप रहना कायरता है
सच ना कहना कायरता है
झूठे जब चीखें जोरों से
सच को दहला दें शोरों से
तब देश लूटते चोरों से
खुद ना लड़ना कायरता है
जब छद्म भेष में डाकू हो
पत्थर हो हाथ मे चाकू हो
कानून न कोई लागू हो
वर्दी ! डरना कायरता है
जहाँ गिद्ध सियासी उड़ते हों
मज़हब के नाम पर लड़ते हों
और लोग बेवजह मरते हों।
सहते रहना कायरता है
जब तर्क अकेले पड़ जाएं
बहुमत के हाथ जकड़ जाएं
और देश की सांस अकड़ जाए
बस उफ्फ करना कायरता है
सेल्फी वाली जेनरेशन हो
टुकड़े करने का पैशन हो
और देश जलाना फैशन हो
रौ में बहना कायरता है
जो जनता द्वारा चुना हुआ
और राष्ट्रभक्ति से सना हुआ
उसपर गद्दार हो तना हुआ
तब मौनमना कायरता है।

## हेल्थ अपडेट

# पैरों से शुरू होती है दिमाग की गंभीर बीमारी डिमेंशिया, 40 की उम्र से रखें ध्यान

डिमेंशिया एक दिमागी स्थिति है, जिसे मेंटल डिजीज भी माना जाता है। इस समस्या में दिमाग की सोचने-समझने, याददाश्त, मूड और बिहेवियर जैसी क्षमताएं घटने लगती हैं। आमतौर पर यह उम्रदराज लोगों में देखी जाती है, लेकिन अब यह थोड़ा कम उम्र में ही देखने को मिलने लगी हैं। यह बीमारी धीरे-धीरे विकसित होती है और याददाश्त में हल्की कमी से शुरुआत हो सकती है। लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि डिमेंशिया की शुरुआत आपके पैरों से हो सकती है। न्यूरोसर्जन डॉक्टर अरुण नाइक खुद वीडियो में पूछते हैं, 'क्या आप जानते हैं कि डिमेंशिया आपके पैरों से शुरू होता है।' उन्होंने इसकी पहचान जैसे लक्षण, उसके प्रभाव और बचाव के तरीके बताए हैं।



**पैरों की कमजोरी से खतराः** पैरों में सार्कोपेनिया डिमेंशिया की शुरुआत हो सकती है। इसमें पैरों की मसल्स कमजोर और पतली हो जाती हैं। जो उम्र बढ़ने के साथ होना आम है, लेकिन फिजिकल इनएक्टिविटी की वजह से तेजी से बढ़ती है। इसे वक्त पर पहचानकर दिमाग को बचाने के लिए जरूरी कदम उठाए जा सकते हैं। डॉक्टर ने बताया कि स्टडी भी बताती हैं कि कमजोर पैरों की वजह से कॉग्निटिव फंक्शन में कमी तेजी से आ सकती है। इसके साथ डिमेंशिया का खतरा भी बढ़ जाता है। क्योंकि जब आपके पैरों की मसल्स एक्टिव होती हैं तो एक खास केमिकल रिलीज होता है।

मसल्स के एक्टिव होने से ताकतवर केमिकल पंप होते हैं, जो दिमाग के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें ब्रेन डिराइव्ड न्यूरोट्रोफिक फैक्टर शामिल होता है, जो ब्रेन के ममोरी एरिया में कनेक्शन बढ़ाता है। पैरों की मजबूती आपको चोट लगने से भी बचाता है। क्योंकि इसकी वजह से शरीर का बैलेंस सही रहता है और बुढ़ापे में बैलेंस बिगड़ने के कारण चोट लगने का खतरा कम होता है। डॉक्टर का कहना है कि गिरने से लगने वाली चोट 60 साल से बुजुर्ग लोगों के लिए खतरनाक हो सकती है। बचने के लिए रोज चलें, क्योंकि केवल 30 मिनट चलने से ही बड़ा अंतर पैदा होता है। स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से पैरों को मजबूत बनाएं। इसके लिए स्क्वैट्स, लंजेस और लेग प्रेस कर सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर फूड खाएं, जिससे मसल्स मास बना रहे। जहां तक हो सके, हमेशा सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। क्योंकि इससे शरीर के बैलेंसिंग ऑर्गन मजबूत होते हैं।? डॉक्टर कहते हैं कि शुरुआत करने के लिए कभी देर नहीं होती, आप अच्छी आदतों की किसी भी उम्र में शुरुआत कर सकते हैं। 60 की उम्र में भी नई शुरुआत करके डिमेंशिया का खतरा कम कर सकते हैं। मजबूत पैरों की वजह से दिमाग तेज होता है। सार्कोपीनिया का दिमाग पर असर होने का इंतजार ना करें और 40 की उम्र से ही टिप्स फॉलो करने लगें।

## गैजेट अपडेट

# नए डिजाइन का आईफोन लॉन्च करने की तैयारी में एप्पल, मिलेगा अलग एक्सपीरिएंस

**एप्पल** अलग डिजाइन का नया आईफोन लाने की तैयारी कर रहा है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि 2027 में पहले आईफोन को लॉन्च हुए 20 साल पूरे हो जाएंगे। इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए कंपनी नए डिजाइन का आईफोन पेश करने पर विचार कर रही है। यह आज के आईफोन से बिल्कुल अलग होगा। इस नए आईफोन में ना तो कोई नॉच होगा और ना ही कोई होल-पंच दिया जाएगा। इतना ही नहीं, यह आईफोन डायनामिक आइलैंड के साथ भी नहीं आएगा। इसका मतलब है कि सामने से देखने पर पूरी तरह से बेजल-लेस यानी बिना किनारों वाला डिस्प्ले दिखेगा। इसके अलावा, कंपनी आईफोन 18 प्रो सीरीज में अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी लाने की भी योजना भी बना रही है।



मौजूदा आईफोन से बिल्कुल अलगः ऐपल ने अपना पहला आईफोन 2007 में लॉन्च किया था। 2027 में पहले आईफोन को लॉन्च हुए पूरे 20 साल हो जाएंगे। इस मौके पर 2027 में एक खास मॉडल लॉन्च किया जा सकता है। डिजाइन के मामले में यह आईफोन बाकी आईफोन से बिल्कुल अलग और एक कदम आगे होगा। यह 2017 में आईफोन एक्स लॉन्च जैसा होगा। 2017 में पहले आईफोन को लॉन्च हुए 10 साल हुए थे। इस मौके पर कंपनी एक अलग डिजाइन का iPhone X पेश किया था।

'द इन्फॉर्मेशन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस नए आईफोन में कर्व ग्लास बॉडी हो सकती है, जिसमें सामने की तरफ कोई भी कटआउट नहीं होगा। इसका मतलब है कि ऐपल एक ऐसा डिस्प्ले बनाना चाहता है, जिसमें डिस्प्ले एक किनारे से दूसरे किनारे तक फैला हो और उसमें नॉच, होल-पंच या डायनामिक आइलैंड जैसी कोई चीज ना हो। यह एक ऐसा ऑल-स्क्रीन एक्सपीरियंस होगा, जो अभी तक किसी भी दूसरे ब्रांड ने अपने यूजर को नहीं दिया होगा।

**नहीं मिलेगा डायनामिक आइलैंडः** इससे पहले कंपनी iPhone 18 Series लॉन्च करेगी। 2026 में आने वाली इस सीरीज के आईफोन 18 प्रो और आईफोन 18 प्रो मैक्स में भी अंडर-डिस्प्ले फेस आईडी दी जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो फेस आईडी को स्क्रीन के नीचे और फ्रंट कैमरा को डिस्प्ले के ऊपरी लेफ्ट साइड लाया जाएगा। इसका मतलब है कि आईफोन 18 प्रो मॉडल से डायनामिक आइलैंड गायब हो जाएगा। हालांकि, इस बड़े बदलाव के बावजूद आईफोन 18 प्रो सीरीज का ओवरऑल लुक आईफोन 17 प्रो जैसा ही रहने की उम्मीद है। आईफोन 18 प्रो सीरीज के कैमरा में भी बड़ा अपडेट मिलेगा। कम से कम एक रियर कैमरा में मैकेनिकल आइरिस होगा, जिससे वेरिएबल अपर्चर कंट्रोल हो सकेगा। एनालिस्ट मिंग-ची कुओ की मानें तो इसमें 48स्क्कका मेन कैमरा एडजस्टेबल अपर्चर को सपोर्ट करेगा। अभी, प्रो आईफोन में फिक्स्ड अपर्चर होता है, जो यूजर्स को डेप्थ ऑफ फील्ड पर ज्यादा कंट्रोल नहीं देता।

## अजब - गजब

# शादी का कार्ड वायरल, दुल्हन का नाम-पता देख बोले लोग- 'अब बनेगा मटन नूडल और लिट्टी सूशी!'

**शादियों** के सीजन में सोशल मीडिया पर अक्सर शादी-ब्याह से जुड़े वीडियोज वायरल होते रहते हैं। इनमें दूल्हा-दुल्हन का डांस, मेहमानों का कोई खास अंदाज या कुछ अलग सी चीजें देखने को मिलती हैं। मगर हाल ही में एक फोटो वायरल हो रहा है, जो एक शादी के कार्ड की है। ये एक अनोखा कार्ड है जो लोगों को बहुत हैरान कर रहा है। कारण है कार्ड में लिखा दुल्हन का नाम और पता जिसे पढ़कर लोग दंग हो जा रहे हैं और कह रहे हैं- 'अब बनेगा मटन नूडल और लिट्टी सूशी!'

इंस्टाग्राम अकाउंट @nonconte &tualmemes पर हाल ही में एक फोटो पोस्ट की गयी है जिसमें एक शादी के कार्ड तस्वीर है। शादियों में कार्ड कितना आवश्यक है, ये तो आप जानते ही होंगे। इस वजह से लोग कार्ड को अलग-अलग ढंग का प्रिंट करवाते हैं। जिस कार्ड की हम बात कर रहे हैं, उस कार्ड के डिजाइन या प्रिंटिंग में वैसे तो कुछ अनोखा नहीं है, मगर दुल्हन का नाम और पता काफी ज्यादा चौंकाने वाला है।

**शादी का कार्ड हो रहा वायरलः** जिस लड़के की शादी है, उसका नाम राहुल कुमार है जो जापान में, हॉन्डा कंपनी में काम करता है। वो बिहार के मधेपुर का रहने वाला है। उसकी होने वाली बीवी का नाम मरीना है। नाम आपको कुछ अटपटा लगा होगा, क्योंकि ये भारतीय नाम जैसा नहीं है। दुल्हन भी जापान में ही काम करती है। पर आपको दुल्हन की असलियत तब समझ आएगी जब आप उसके माता-पिता का नाम पढ़ेंगे। मां का नाम अतुशी ओहासी है और पिता का नाम कनाको है। यानी लड़की जापानी है। इस तरह ये इंटरनेशनल शादी है। उनका पता भी जापान ही लिखा है।

इस फोटो को 4 हजार से ज्यादा लाइक्स मिल चुके हैं




जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा- 'इतनी हेवी शादी और इतना सस्ता कार्ड?' एक ने कहा- 'बारात इंट्रा-कॉन्टिनेंटल होगी।' एक यूजर ने मजेदार अंदाज में लिखा- 'बारात हमारे निज निवास रौता कुर्सडी से टोक्यो के लिए तीन दिन पहले सांय 5 बजे प्रस्थान करेगी।' एक यूजर ने लिखा- 'अब बनेगा मटन नूडल और लिट्टी सूशी!'

# हॉकी: मुकाबलों में बिलासपुर, राजनांदगांव और सैफई की जीत दर्ज

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन दर्शकों को उच्च स्तरीय हॉकी का रोमांच देखने को मिला। तीन अलग-अलग मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक और खेल भावना का प्रदर्शन किया। पहला मुकाबला दिन का पहला मैच सीपीएमजी भोपाल बनाम एसईसीआर रेलवे बिलासपुर के बीच खेला गया। जिसमे बिलासपुर ने 2-1 से जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला डीएचए राजनांदगांव और रायपुर के बीच खेला गया दूसरा मैच बराबरी पर छूटा। राजनांदगांव के सोनू निषाद और संदीप ठाकुर के गोलों के जवाब में रायपुर ने शानदार वापसी की और स्कोर 2-2 की बराबरी पर ला दिया। इस कड़े मुकाबले का निर्णय अंततः पेनल्टी शूट-आउट के माध्यम से किया गया। दिन का तीसरा मुकाबला सैफई और सिवनी के मध्य खेला गया। इस मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। सैफई की ओर से राजा ने निर्णायक खेल दिखाते हुए अंतिम क्षणों में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और अपनी टीम को 4-3 से शानदार जीत दिलाई।



### अधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

तृतीय मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम नीलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी, वीरेंद्र मिश्रा एवं गौरव बुंदेला उपस्थित रहे। आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे एवं स्वागत अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अधिकारियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनके प्रदर्शन की सराहना की।

## न्यूज विंडो

## 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस पर होगा ऑनलाइन कार्यक्रम



**गंजबासौदा।** विश्व ध्यान दिवस को लेकर हार्टफुलनेस संस्था के द्वारा बुधवार को पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। एवं पत्रकारवार्ता में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। हार्टफुलनेस के मध्यप्रदेश प्रभारी गजेंद्र गौतम ने बताया कि 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर रात 8 बजे सामूहिक रूप से ऑनलाइन के माध्यम से हार्टफुलनेस संस्था के वैश्विक मार्गदर्शक दाजी के द्वारा ध्यान कराया जाएगा। इसके लिए लोगों को ऑनलाइन माध्यम से जोड़ा जा रहा है और उन्हें ध्यान के लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया जा रहा है। इस अवसर पर मौजूद एसडीओपी शिखा भलावी ने ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में ध्यान से कई लाभ हुए हैं और तनाव मुक्त रहने के लिए ध्यान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी को ध्यान से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम से पूर्व 21 दिसम्बर को सुबह 11 बजे देहात थाना परिसर से शहर थाना परिसर तक एक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस रैली का उद्देश्य लोगों को ध्यान से जोड़ना एवम् अपराध मुक्त, नशा मुक्त समाज और युवाओं के लिए तनाव मुक्त शिक्षा के उद्देश और उन्हें विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। इस पत्रकार वार्ता के दौरान हार्टफुलनेस के केंद्र प्रभारी स्वदेश शर्मा, शैलेश महलवार, नीलेश, अनिकेत, कमलेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे

## कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं को किनारे कर सैफू को दी शहर की जिम्मेदारी

**सिरोंज।** लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस प्रदेश संगठन ने कांग्रेस ब्लॉक और उप ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस बार संगठन ने विधानसभा क्षेत्र में दो उप ब्लॉको मुरवास और गरेंठा को खत्म कर दिया है। सिरोंज और लटेरी को ब्लॉक बनाने के साथ ही दोनों के दो-दो उप ब्लॉक बनाए गए हैं। प्रदेश संगठन द्वारा जारी की गई ब्लॉक और उप ब्लॉक अध्यक्षों की सूची में सैफू गौरी का नाम चौंकाने वाला है। 27 वर्षीय सैफू को सिरोंज शहर उप ब्लॉक का अध्यक्ष बनाया गया है। ये एक तरह से सिरोंज शहर अध्यक्ष का पद है। इस पद पर वर्तमान में इरशाद गौरी काबिज थे। कांग्रेस के बड़े नेताओं को किनारे रखकर संगठन ने जिस तरह से सैफू को अध्यक्ष बनाया है। वह नेताओं की नाराजगी की वजह बन सकता है। हालांकि सूची जारी होने के बाद ऐसी को कोई सुगबुगाहट सुनाई नहीं दे रही है लेकिन सैफू के लिए बिखरे कांग्रेसियों को समेटना जरूर टेड़ी खीर साबित होगा। इसी तरह देवपुर उप ब्लॉक का अध्यक्ष अर्जुन राजपूत को बनाया गया है। अर्जुन की पत्नी वर्तमान में देवपुर की सरपंच हैं और पिता लक्ष्मणसिंह राजपूत पहले ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी निभा चुके हैं।



## बीएमसी के इंटर्न की बाइक रैलिंग से टकराई, एक की मौत, दो गंभीर

**सागर।** मकरोनिया में सागर-बंडा मार्ग पर हुए एक सड़क हादसे में बीएमसी (बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज) के इंटर्न डॉक्टर की मौत हो गई, जबकि दो इंटर्न गंभीर रूप से घायल हुए हैं.जिन्हें इलाज के लिए बीएमसी में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बीएमसी मामले को दबाने में जुटा रहा। उनकी ओर से न मृतक का नाम बताया गया, न घायलों की स्थिति। रात करीब 8 बजे मृतक के परिजन बीएमसी पहुंचे, जहां मेडिकल स्टूडेंट्स का मजमा लगा रहा। मकरोनिया थाना पुलिस के अनुसार मंगलवार रात 12.45 बजे के आसपास ओवरब्रिज पर हादसा हुआ था। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि मृतक व दोनों घायल एक ही बाइक पर सवार थे। ऐसी जानकारी लगी है कि वे सभी बहेरिया क्षेत्र में अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गए थे। वापस लौटते कार बाइक अनियंत्रित होकर ब्रिज से टकरा गई। हादसे में बीएमसी के इंटर्न डॉक्टर गौरव सांघवान, 23 साल निवासी महेंद्रगढ़, हरियाणा की मौत हो गई है। वहीं इंटर्न डॉ. कृति शर्मा, निवासी हरियाणा और डॉ. हर्षित शर्मा, निवासी भिंड गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सड़क हादसे ने बीएमसी हॉस्टल प्रबंधन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स रात-रात भर गायब रहते हैं, या देर रात हॉस्टल पहुंचते हैं और उन्हें प्रवेश दिया जा रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है

## पिडरई-पॉजी मार्ग पर स्कूली बच्चों को रोककर पैसे छीने, इलाके में दहशत




**तेंदूखेड़ा।** नगर से लगभग 4 किलोमीटर दूर दमोह मार्ग पर एक नाबालिक बच्चों को स्कूल आने के दौरान रोक कर उसके जेब से मुँह दबाकर पैसे निकालने का मामला सामने आया है हाल के दिनों में घटित घटनाओं से पूरे नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। अज्ञात लोगों द्वारा बच्चियो को अगवा करने की आशंका, साथ ही स्कूली छात्र को रोककर पैसे छीनने जैसी घटनाओं से आमजन में गहरी चिंता व्याप्त है। ताजा घटना बुधवार दोपहर की बताई जा रही है, जब मोटरसाइकिलों से आए अज्ञात व्यक्तियों ने पाँजी से पिडरई मैं स्थित शासकीय माध्यमिक शाला आ रहे तो स्कूली छात्र विवेक गौड कक्षा सातवीं को बीच रास्ते में रोककर अज्ञात लोगों ने छात्र का मुंह दबाकर उसकी पीछे की जेब में रखे 50 रुपए छीन लिए। सौभाग्यवश छात्र की आगे की जेब में रखे 100 रुपए बच गए, क्योंकि इस दौरान कुछ लोग आते दिखाई दिए, जिससे अज्ञात लोग मोटरसाइकिल लेकर जंगल की ओर भाग निकले। क्योंकि बुधवार को छात्र को किसी कार्य के कारण घर से स्कूल समय से लगभग एक डेढ़ घंटे बाद स्कूल आ रहा था घटना के बाद घबराए छात्र ने घटना की जानकारी स्कूल पहुंचकर शिक्षकों को दी जिस पर तत्काल डायल 112 को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंची। इससे पहले सोमवार को भी इसी मार्ग पर एक और संदिग्ध घटना सामने आई थी। मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लोगों ने चार स्कूली छात्राओं को रास्ते में रोककर उनसे पानी मांगने का प्रयास किया।

### सिरोंज में जननायक कार्यक्रम में सजी गोंड संस्कृति

# कलाकारों ने गोंड राजाओं की सभ्यता पर राजा प्रेमलशाह की दी मनमोहक प्रस्तुति

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

लंबे अर्से बाद हुए गरिमापूर्ण सांस्कृतिक आयोजन ने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के दौर की स्मृति को ताजा कर दिया। जननायक महोत्सव के अंतर्गत नगर के कष्टम पथ स्थित केडीबीएम कॉलेज में रात्रि में गोंड साम्राज्य के राजा प्रेमलशाह के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका का कलात्मक मंचन किया गया। आकर्षक रंगबिरंगी विद्युत सज्जा से जगमग मंच पर 45 सदस्यीय कलाकारों के दल ने नाटक का आकर्षक मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

जननायक समारोह के मुख्य अतिथि विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा शाम करीब साढ़े सात दीप प्रज्वलन करने के उपरांत प्रारंभ हुए नाट्य मंचन में कलाकारों की प्रतिभा को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने पूरे समय दर्शकों के बीच बैठकर नाट्य मंचन को देखा। समापन पर उन्होंने सभी कलाकारों का केसरिया पटका एवं माला पहनाकर सभी कलाकारों का सम्मान किया।

संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित हो रहे जननायक नाट्य मंचन में प्रस्तुतियों का निर्देशन एवं पुनर्संयोजक श्री रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित हो रहे मंचीय कार्यक्रम के 45 सदस्यीय युवा कलाकारों की टीम में दो कलाकार सिरोंज के ही निवासी हे जो भोपाल में रहकर नाट्य परिषद के माध्यम से मंचन करते हैं। इसमें ग्राम बगरोदा के कुलदीप रघुवंशी प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। इसके अलावा रानी पोपला का अभिनय निभा रही आयुषी दुबे शामिल हैं। वे निजी महिला चिकित्सक राजकुमारी,कुलदीप जैन की पुत्री हैं।




### भगवान ब्रह्मा ने दिया संसार के भरण-पोषण का जिम्मा

देर रात में हुए नाट्य मंचन में राजा पेमलशाह गोंड राजाओं में प्रतापी राजा थे, क्योंकि ब्रह्मा ने स्वयं उनका अवतरण किया था। ब्रह्मा ने संसार की रचना की और उन्होंने संसार को चलाने और उसका भरण पोषण करने के लिए ब्राह्मणों को बुलाया। ब्रह्मा ने ब्राह्मणों से कहा कि मैंने सृष्टि रचना कर दी है लेकिन उनका भरण पोषण करने का दायित्व आप को देना चाहता हूं, तो ब्राह्मणों ने मना कर दिया। उन्होंने पूजा पाठ करने की बात कही। फिर उन्होंने क्षत्रियों को बुलाया लेकिन क्षत्रियों ने भी मना कर दिया। फिर अंत में गोंड को बुलाकर कहा कि इस संसार के भरण पोषण का दायित्व तुम लोगों को संभालना है तो गोण्डों ने उसे स्वीकार कर लिया। कालांतर में गोण्ड समुदाय में अपनी-अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने की होड़ मच जाती है और आपस में लड़ने-कटने लगते हैं। अब ब्रह्मा सोच में पड़ गए, फिर उन्होंने गोंड में से किसी एक को राजा बनाने के लिए सोचते हैं। इसके लिए वे शरीर की मथानी बनाते हैं और देवताओं द्वारा मथने की प्रक्रिया करते हैं। अंत में सात कोरी देवताओं के मथने से गोण्ड निकल के आते हैं। ब्रम्हा कहते हैं कि जाओ बेटा तुमको राजा बनाता हूं। इसी घराने से राजा पेमलशाह होते हैं उनक् साथ चार भाई शंकर शाह, दलपत शाह, बुढ़न शाह, दूधन शाह होते हैं। राजा पेमलशाह के राज्य में प्रकृति के प्रकोप से उनके राज्य की बर्बादी हो जाती है, जहां भुखमरी आ जाती है। लेकिन पेमल शाह हार नहीं मानते हैं और खेती करते हैं और राज्य में खुशहाली आ जाती है। दिल्ली में बैठा रूम बादशाह को पेमल शाह की कर्मठता का पता चलता है और लह पेमल के पास आता है।

## कन्हैया गोस्वामी बने नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष

**इटारसी। दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी ब्लॉकों में अध्यक्ष पद नियुक्त कर दिए गए हैं इसी तारतम में नर्मदापुरम जिले के प्रमुख राजनीतिक शहर इटारसी में नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अनुभवी नेता कन्हैया गोस्वामी को इटारसी नगर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है । उल्लेखनीय है कि तीन दशकों से कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता रहे कन्हैया गोस्वामी पूर्व में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि रह चुके हैं तथा जिला कांग्रेस महामंत्री का दायित्व संभाल चुके हैं और अब प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उनके कुशल संगठनात्मक अनुभवों को देखते हुए उन्हें इटारसी नगर कांग्रेस कमेटी के महत्वपूर्ण अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है । नवनियुक्त अध्यक्ष श्री गोस्वामी ने अपनी से नियुक्ति पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे देश के नेता विपक्ष राहुल गांधी मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## अनिल बने संभागीय अध्यक्ष

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल प्रांताध्यक्ष द्वारा पटवारी अनिल शर्मा को भोपाल संभाग के संभागीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर पटवारी संघ साथियों पटवारियों द्वारा उन्हें बधाई दी गई। वहीं पटवारी अनिल शर्मा का कहना है कि मध्यप्रदेश पटवारी संघ में इस पद पर रहते हुए पटवारीयों के लिए उनके हितों में ऐसे कार्य किए जाएंगे जिससे पटवारी हमेशा आगे बढ़ता रहे। इस नियुक्ति पर प्रांत अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल का आभार व्यक्त किया गया।



### महेश्वर जनपद पंचायत में बड़ी प्रशासनिक चूक

# गलत वार्ड में चुनाव, दो कर्मी निलंबित

**महेश्वर। दोपहर मेट्रो**




जनपद पंचायत में चुनावी प्रक्रिया के दौरान हुई गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 7 में जनपद सदस्य के निधन से पद रिक्त हुआ था, लेकिन प्रशासनिक चूक के चलते उपचुनाव वार्ड क्रमांक 9 में करा दिया गया। गलती उजागर होने के बाद पूरा निर्वाचन निरस्त कर दिया गया है और दो जिम्मेदार कर्मचारियों को निलंबित किया गया है। जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत महेश्वर के बबलई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 7 के जनपद सदस्य के निधन के बाद नियमानुसार उपचुनाव होना था। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय ने प्रक्रिया प्रारंभ की, लेकिन पंचायत निर्वाचन शाखा से भेजी गई रिपोर्ट में वार्ड 7 के स्थान पर वार्ड 9 को रिक्त दर्शा दिया गया। इसी त्रुटिपूर्ण जानकारी के आधार पर जिला निर्वाचन कार्यालय ने वार्ड 9 के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी, जबकि वार्ड 9 का पद पहले से भरा हुआ था। अधिसूचना के बाद वार्ड 9 में नामांकन प्रक्रिया कराई गई, जिसमें केवल एक नामांकन पत्र प्राप्त हुआ और अभय सिंह बरिया को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। बाद में मामला संज्ञान में आने पर जांच कराई गई, जिसमें रिटर्निंग अधिकारी व तहसीलदार महेश्वर ने स्पष्ट किया कि पूरी निर्वाचन प्रक्रिया गलत सूचना के आधार पर शुरू हुई थी। जांच में यह भी सामने आया कि बिना उचित परीक्षण के रिपोर्ट पर हस्ताक्षर कर दिए गए, जिससे यह गंभीर प्रशासनिक लापरवाही साबित हुई। मामले को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत सीईओ आकाश सिंह ने सहायक ग्रेड-3 अजय वर्मा एवं प्रभारी खंड पंचायत अधिकारी रामलाल बरसेना को निलंबित कर दिया। अजय वर्मा को निलंबन अवधि में जनपद पंचायत बड़वाह में संलग्न किया गया है। साथ ही वार्ड 9 में कराया गया उपचुनाव पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। इस घटना ने पंचायत स्तर पर चुनावी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और प्रशासन ने भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने के लिए प्रक्रिया को सख्त करने की बात कही है।

### बैठक में शामिल हुई राज्यसभा सांसद माया

## दिल्ली-भोपाल हवाई मार्ग पर दोपहर-शाम अतिरिक्त उड़ान की उठाई मांग



**नर्मदापुरम। दोपहर मेट्रो**

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु की अध्यक्षता में 22 अकबर रोड स्थित उनके आवास पर एनडीए सांसद समन्वय समूह की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सहित विभिन्न दलों के सांसद उपस्थित रहे। श्रीमती नारोलिया ने बैठक में सक्रिय भागीदारी निभाई।बैठक समाप्त होने के बाद श्रीमती नारोलिया ने मंत्री को एक औपचारिक मांगपत्र सौंपा। इसमें दिल्ली-भोपाल हवाई मार्ग पर दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच अतिरिक्त उड़ान सेवा शुरू करने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस व्यस्त रूट पर इस समयावधि में सीमित उड़ानें उपलब्ध हैं, जिससे व्यापारियों, छात्रों और परिवारों को असुविधा होती है। नई उड़ान से ऑफिस जाने वाले यात्रियों, भोपाल के पर्यटन और व्यापारिक केंद्रों से जुड़े लोगों को विशेष लाभ मिलेगा, साथ ही हवाई यात्रा सस्ती और सुगम बनेगी।मंत्री श्री किंजरापु ने मांगपत्र को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अध्ययन कराने और शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**मेट्रो एंकर**

### मंत्री विजय शाह के खिलाफ महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# शाह जैसे मंत्रियों से महिलाओं की छवि धूमल हो रही है: चौधरी

**सागर। दोपहर मेट्रो**

महिला कांग्रेस के तत्वाधान में एवं जिला शहर कांग्रेस की उपस्थिति में महिलाओं ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया. मंत्री विजय शाह द्वारा एक बार फिर महिला विरोधी बयान दिए जाने के विरोध में आक्रोशित महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्ट्रेट पर तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर शाह को मंत्री पद से हटाने की मांग की है। इस दौरान प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी ने कहा कि विजय शाह जैसे मंत्रियों से महिलाओं की छवि धूमल हो रही है. विजय शाह कह रहे हैं की जो लाडली बहने मुख्यमंत्री का सम्मान या समर्थन नहीं करेंगी तो उनकी वह लाडली बहन योजना की राशि रोक देंगे। यह संविधान विरोधी महिला विरोधी एवं अपराधिक प्रवृत्ति का बयान है। इन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए। रेखा सोनी ने कहा कि यह कैसा मंत्री है जो महिलाओं की इज्जत करना ही नहीं जानता।



जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि पूरे शहर में चाकू बाजी, गुंडागर्दी और लूट की घटनाएं खुलेआम हो रही है। अवैध शराब, जुआ, सट्टा, चोरियां और लूटपाट पर पुलिस अंकुश नहीं लग पा रहा है, जिससे महिलाओं में भय का माहौल हो गया है। ज्ञापन का वाचन किरण लता सोनी ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जैन, सुरेंद्र सुहाने, पप्पू गुप्ता, लक्ष्मीनारायण सोनकिया, सुधा रजक, रोशनी वसीम खान, मीना विश्वकर्मा, मालती विश्वकर्मा, अर्चना कनौजिया,खुशबू कोरी, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, सिंटू कटारे, कमलेश तिवारी, दीनदयाल तिवारी, पवन पटेल, पंकज सिंघई, नितिन पचौरी, वसीम खान, राम शंकर सेन, टीकाराम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## आबकारी विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई कर युवक को पकड़ा

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

आबकारी विभाग की टीम ने बामौरा रोड स्थित एक मकान में छापामार कार्रवाई कर युवक को हिरासत में लिया। टीम युवक को लेकर कस्टम पथ स्थित आबकारी कार्यालय पर पहुंची तो यहां पर युवक के परिचितों का जमावड़ा लगा रहा। इसके बाद अफसर घंटो तक कार्रवाई में ही व्यस्त रहे। इस दौरान युवक के परिचित भी कार्यालय के बाहर डटे रहे। देर शाम तक विभागीय अधिकारी कार्रवाई से संबंधित विस्तृत जानकारी नहीं दे सके। आबकारी निरीक्षक संजय ठाकुर ने कि बताया कि अभी मैं लटेरी आया हूं। इसलिए विस्तृत जानकारी नहीं दे सकता। युवक पर धारा 49 के तहत कार्रवाई की गई है। विभाग की इस कार्रवाई और लोगों के जमावड़े की चर्चा दिनभर शहर में बनी रही।

## न्यूज विंडो

### छिंदवाड़ा में विद्युत कर्मचारी ने सब-स्टेशन में लगाई फांसी

**छिंदवाड़ा।** विद्युत मंडल के आउटसोर्स कर्मचारी अविनाश सूर्यवंशी (34) ने बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसने नाइट शिफ्ट खत्म होने के बाद सब-स्टेशन के यार्ड में ही अपने मफलर से फंदा बना लिया। घटना के बाद मृतक के भाई ने अधिकारियों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाकर हंगामा किया। वह शव उतारने से पहले बड़े अधिकारियों को बुलाने की जिद पर अड़ गया। धर्मटेकड़ी चौकी प्रभारी अविनाश पारधी ने बताया कि अविनाश पहले वनगांव सब-स्टेशन में पदस्थ था। कुछ दिन पहले ही उसे लालू पिपरिया सब-स्टेशन भेजा गया था। बुधवार को नाइट शिफ्ट पूरी करने के बाद उसने यार्ड में लगे कैपेसिटर स्ट्रक्चर के एंगल पर मफलर बांधकर फांसी लगा ली। घटना कुंडीपुरा थाना क्षेत्र की है। पुलिस अब आउटसोर्स कर्मचारी की आत्महत्या के पीछे प्रताड़ना और अन्य जांच कर रही है।

### डिंडोरी कलेक्टर ने ग्रामीणों के बीच पहुंच कर लगाई जनचौपाल, सुनी समस्याएं



**डिंडोरी।** डिंडोरी कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया बुधवार की रात अधिकारियों के साथ हिनौता गांव के मुकद्दम टोला पहुंचीं। यहां जन चौपाल लगाकर ग्रामीणों को ग्रामीण विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन भी दिया। चौपाल के दौरान बिजली, पानी, सड़क और रोजगार से संबंधित प्रमुख समस्याएं सामने आई। जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे ने गांव में बिजली गुल होने और लो वोल्टेज की समस्या बताई। उन्होंने कहा कि बिझौरी में उनके घर के पास पड़ाव टोला में लगे ट्रांसफॉर्मर से रात में बिजली बंद होने की दिक्कत होती है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस पर तुरंत सुधार का आश्वासन दिया। कुछ अन्य ग्रामीणों ने गांव में पानी, सड़क और रोजगार उपलब्ध न होने की समस्या भी रखी।

### सरकारी स्कूल में शराब के नशे में बच्चों को पढ़ाते हुए शिक्षक का वीडियो वायरल



**मंडला।** ग्राम पंचायत अहमदपुर स्थित ग्वारीटोला प्राथमिक शाला में एक शिक्षक महेश कुमार गोठरिया का वीडियो सामने आया है, जिसमें वे शराब के नशे में बच्चों को पढ़ाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि शिक्षक महेश कुमार गोठरिया बच्चों को पढ़ाने के बजाय फिल्मी गाना तुम तो ठहरे परदेसी साथ क्या निभाओगे सीखते नजर आ रहे हैं। जब उनसे बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने उल-जलूल जवाब दिए। उन्होंने कहा कि मैं बिना शराब पिए नहीं पढ़ा सकता, मेरा दिमाग गोल हो जाता है। जब शराब की मात्रा पूछी गई, तो उन्होंने दो बोतल पीने की बात स्वीकार की।स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह की घटनाओं से बच्चों पर गलत असर पड़ता है। इस मामले से हम चिंतित हैं और मांग कर रहे हैं कि शिक्षा व्यवस्था में ऐसे शिक्षकों पर सख्त कदम उठाए जाएं ताकि बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) कुलदीप कटहल ने कहा कि वे स्वयं इस मामले की जांच करेंगे और शिक्षक के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

### नरसिंहपुर के साईंखेड़ा क्षेत्र में गोवंश का कटा सिर मिला, लोगों में आक्रोश



**नरसिंहपुर।** साईंखेड़ा क्षेत्र में गोवंश से जुड़ी एक घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। इस मामले में गाडरवारा गोसेवा मंडल ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर दोषियों पर जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। यह घटना दो दिन पहले साईंखेड़ा में सामने आई थी, जब सड़क पर एक बछड़े का कटा हुआ सिर मिला। इस घटना से स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। बुधवार को गाडरवारा गौसेवा मंडल के सदस्यों ने इसी घटना के विरोध में अनुविभागीय अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ जल्द और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

### पांढुर्णा के मोहि घाट पर देर रात दो ट्रकों की में टक्कर, ड्राइवर कैबिन में फंसा



**पांढुर्णा।** तहसील के मोहि घाट पर बुधवार की देर रात दो ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए, जिनमें से एक ड्राइवर कैबिन में फंसने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, राजगढ़ से नागपुर जा रहा ट्रक मोहि घाट की ढलान पर था। तभी उसके आगे चल रहे एक अन्य ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे से आ रही ट्रक उससे टकराया गया।स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। उन्हें हाईवे एम्बुलेंस से पांढुर्णा सिविल अस्पताल ले जाया गया।

---

#### बैठक में सागर जिले की ढाना हवाई पट्टी के विस्तार के लिए की चर्चा

## 70 सीटर विमान रुकने की तैयारी, चार सौ करोड़ रुपए की आएगी अनुमानित लागत

**सागर। दोपहर मेट्रो**

यदि सबकुछ ठीक रहा तो सागर जिले की ढाना हवाई पट्टी पर 70 सीटर विमान उतर सकेंगे उड़ान भर सकेंगे. इसी कड़ी में आज उस समय एक नया अध्याय जुड़ा जब विमानन विभाग के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा न केवल बैठक आयोजित की गई और विभिन्न विभागों से सुझाव लिए गए बल्कि ढाना हवाई पट्टी पर पहुंचकर सूक्ष्मता के साथ अध्ययन किया और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी ली। कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा जिले की प्रगति एवं विकास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश रावत , विमान पाटन विशेषज्ञ मनीष सिंहा, अर्न्स्ट एंड यंग के डायरेक्टर अंशुमन श्रीवास्तव, अनुभव अरोड़ा, पल्लव गोयल, आर सक्सेना, एसडीएम अमन मिश्रा सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं उद्योगपति मौजूद थे। बता दें कि सागर जिले में हवाई सेवा विस्तार के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी परिपेक्ष्य में आज विमान उद्योग के विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा जिले के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें भविष्य की संभावनाओं और सागर जिले में ट्रैफिक एवं कार्गो ट्रैफिक के संबंध में संभावनाओं को तलाशा गया। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने विमान विभाग के विशेषज्ञ एवं विभिन्न अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जिसमें सभी विभागों की अधिकारियों से चर्चा की. अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने बताया कि विमानन विभाग के द्वारा चाही गई सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और इस प्रकार की बैठक भी लगातार आयोजित की जाती रहेगी। विशेषज्ञ मनीष सिन्हा ने बताया कि सागर में हवाई पट्टी विस्तार के साथ हवाई सेवाओं की अच्छी संभावनाएं देखने में आ रही हैं। ढाना हवाई पट्टी विस्तार के लिए लगभग 1800 मी. का रनवे तैयार किया जाएगा जो अभी 992 मी. का है, इसे डबल किया जाएगा। 1800 मी. रनवे तैयार होने के बाद ढाना हवाई पट्टी पर 70 सीटर प्लेन की लैंडिंग हो सकेगी और सागर सहित अन्य जगहों के व्यक्ति हवाई सेवा का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि हवाई सेवा का विस्तार करने के लिए ट्रैफिक एवं कार्गो की संभावनाओं की तलाश की जाती है आज की बैठक में ट्रैफिक एवं कार्गो की संभावनाओं को देखा गया।



#### इसलिए हैं हवाई सेवा की अपार संभावनाएं

सागर में विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा इंडस्ट्रियल कॉनक्लेव का आयोजन किया गया था जिसमें 23,000 करोड रुपए के एमओयू साइन हुए थे जिसमें आईटी पार्क , डाटा सेंटर पार्क , औद्योगिक इकाइयों ने सागर में अपने उद्योग लगाने के लिए सहमति व्यक्त की थी और सागर में केंद्रीय विश्वविद्यालय , रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व , संत रविदास संग्रहालय एवं भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, जी पी पावर प्लांट , साथ ही अन्य निजी विश्वविद्यालय, मेडिकल कॉलेज सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयां स्थापित हो गई हैं। जिससे कि हवाई सेवा की अपार संभावनाएं विकसित हुई हैं। उन्होंने बताया कि 1800 मीटर हवाई अड्डा टर्मिनल एयरपोर्ट तैयार करने के लिए लगभग 400 करोड रुपए की लागत आएगी जिसमें 70 सीटर विमान की आवा जाही शुरू हो सकेगी। उन्होंने बताया कि अनुमति प्राप्त होते ही जिला प्रशासन के द्वारा भू अर्जन का कार्य प्रारंभ होगा और अन्य कार्य भी शुरू हो सकेंगे। बैठक में भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के उद्योग संचालक, उद्योग विभाग के अधिकारी, कृषि विभाग, रेलवे, बस एसोसिएशन, कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज, डॉ हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज,जिला चिकित्सालय, ट्रक एसोसिएशन सहित अन्य विभागों के अधिकारी, उद्योगपति मौजूद थे।

### सेजहाई में बाउंड्रीवाल निर्माण में हो रहा घटिया सामग्री का उपयोग



**शहडोल। दोपहर मेट्रो**

सरकारी विकास कार्यों में गुणवत्ता की बात भले ही कागजों में बड़ी-बड़ी दिखाई जाती हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। मामला जनपद बुढ़ार के सेजहाई में बन रहे मुख्यमार्ग का है जहाँ लगभग 4 लाख रुपये की लागत से बनी बाउंड्रीवाल निर्माण पूरा होने को जिसमे गुणवत्ता से परे कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाउंड्रीवाल निर्माण में मानक सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। सीमेंट की मात्रा कम रखी गई, घटिया ईंटों का इस्तेमाल हुआ और नींव में आवश्यक गहराई तक खुदाई नहीं की गई। हैरानी की बात यह है कि निर्माण के दौरान तकनीकी निरीक्षण केवल कागजों में ही किया गया, मौके पर कोई ठोस जांच नहीं हुई।

बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य मे लगाया गया रेत लोकल नदी नालों के हैं इस बात का प्रमाण जिले में किसी लीगल खदान का न होना है इसी प्रकार राड की रिंग व उसके प्लिंथ और फिलिंग में भी खेल किया जा रहा है राड में बंधने वाले रिंग की दूरी लगभग 1 फ़ीट के आसपास है जबकि एस्टीमेट कुछ और कहते हैं सूत्र बताते हैं कि इस पूरे काम को ठेका प्रथा द्वारा कराया जा रहा है जबकि काम मे पारदर्शिता नाम की चीज नही है मेट से सवाल जवाब करने पर उन्होंने काम को सब कुछ सही बताया। सूत्र बताते हैं कि सरपंच-सचिव द्वारा विधायक मद से बनने वाले यात्री प्रतीक्षालय का पैसा आहरण कर लिया गया है जबकि उसमें आज तक छत नही पड़ा।फील्ड में कार्यरत इंजीनियर इन तमाम गफलतों का मूल्यांकन घर बैठे ही कर देते हैं।

### बीईओ ने स्कूल का निरीक्षण कर ली जानकारी, बच्चों से किया संवाद



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम धनगौर स्थित शासकीय एकीकृत विद्यालय का निरीक्षण बुधवार को विकास खंड शिक्षा अधिकारी नीतेश पांडे द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया और भोजन की स्वच्छता एवं गुणवत्ता की सराहना की। कक्षों में जाकर शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया तथा शिक्षकों को बच्चों की नियमित उपस्थिति और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी शैक्षणिक प्रगति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में बिजली व्यवस्था एवं शौचालयों की स्थिति का अवलोकन करते हुए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

### बच्चों को मेन्यू अनुसार नहीं दिया जा रहा मध्याह्न भोजन

**तेन्दूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को स्कूल के प्रति आकर्षित करने और उन्हे पोषण प्रदान करने के मकसद से मध्यान्ह भोजन योजना चलाई जा रही है। बच्चों को पोषण मिले इसके लिए शासन ने हर दिन दिए जाने वाले भोजन का मीनू भी तय कर रखा है। मीनू के मुताबिक खाना देने के लिए सरकार राशन व रुपए भी खर्च कर रहा है। लेकिन ज्यादातर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी की जा रही है लाखों रुपए हर माह खर्च हो रहा है इसके बावजूद विद्यार्थियों को मीनू अनुसार भोजन नहीं मिल पा रहा है स्व-सहायता समूहों के माध्यम से भोजन का वितरण किया जा रहा जिसमें अनियमितता की बातें सामने आ रही है आसपास के अन्य क्षेत्रों के विद्यालयों में स्व-सहायता समूहों द्वारा मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी की जा रही है यह कहीं एक जगह का हाल नहीं है बल्कि समुचे तेंदूखेड़ा ब्लॉक में यह अव्यवस्था स्थिति की निर्मित है



मामला तेंदूखेड़ा ब्लॉक के जामुन ग्राम का जहां पर एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला स्कूल में पढ़ रहे 167 बच्चों को मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा है मंगलवार को जब स्कूल का जायजा लिया तो यहां पर बच्चों आलू की सब्जी और पूड़ी दी गई जबकि मीनू के अनुसार मंगलवार को बच्चों को खीर-पूड़ी व हलवा और मूंगबड़ी व टमाटर की सब्जी देनी थी लेकिन यहां तो बच्चों को पूड़ी और पटली आलू की सब्जी दी गई जब यहां पर काम कर रही रसोइयों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हम लोगों को जो सामग्री दी जाती है उसके अनुसार भोजन दिया जाता है इस स्कूल में दो समूह द्वारा भोजन दिया जाता है जिसमें जानकी स्व सहायता समूह और दूसरा मां जगदम्बा स्व सहायता समूह शामिल हैं दोनों ही समूह द्वारा बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन को मीनू अनुसार नहीं दिया गया।

### जिला कबड्डी एसोसिएशन के चुनाव में शैलेश संरक्षक व बृज बने अध्यक्ष



**सागर। दोपहर मेट्रो**

सागर जिला कबड्डी एसोसिएशन के चुनाव में शैलेश केसरवानी को संरक्षक व बृज जायसवाल को अध्यक्ष के तौर पर सर्व सहमति से चुना गया। इस अवसर पर केसरवानी ने कहा कि सागर जिला कबड्डी एसोसिएशन से मैं पिछले कई वर्षों से जुड़ा हुआ हूं। और कबड्डी के खिलाड़ियों ने कई मुकाम हासिल किए हैं। आज अध्यक्ष पद के लिए बृज जायसवाल को चुना गया। उनके अध्यक्ष बन जाने से कबड्डी एसोसिएशन को एक नई ताकत मिलेगी. नवनियुक्त अध्यक्ष बृज जायसवाल ने कहा कि मुझे जिम्मेदारी सौंपी है उसका मैं ईमानदारी से निर्वहन करुंगा और प्रयास करूंगा कि कबड्डी खेल में सागर के खिलाड़ी आगे बड़े और सागर का नाम रोशन करें। एसोसिएशन के कार्यक्रमों के संयोजक निकेश गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रीति सिंह राजपूत सचिव जिला कबड्डी संघ संगीता सिंह एवं संयुक्त सचिव शैलेंद्र चढ़ार एवं सदस्य श्रद्धा हर्षवर्धन सिंह एवं रितु राहुल सिंह आदि उपस्थित थे।

### बच्चों को धन कम भी दें तो कोई बात नहीं, धर्म की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए: चिन्मयानंद बापू

**सागर। दोपहर मेट्रो**

खेल परिसर के बाजू वाले मैदान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में संत श्री चिन्मयानंद बापूजी ने कहा की धुंधकारी और गोकर्ण के संवाद से हमें यह शिक्षा लेनी चाहिए कि, हम अपने बच्चों को धन यदि थोड़ा कम भी दें तो कोई बात नहीं परंतु धर्म की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए, क्योंकि यदि बच्चों के अंदर से धर्म और संस्कार चले जाएंगे तो हम कितना भी धन उनको कमा कर रख देंगे एक ना एक दिन वह उसको नष्ट ही कर देंगे, इसलिए अपने बच्चों में संस्कार दें. बापू ने कहा कि पुराने समय में हम अपने बच्चों को मंदिर में ले जाकर भगवान के विषय में उनको बताते थे,भगवान का दर्शन कराते थे घर में भी मां बाप बच्चों को भगवान की सुंदर सुंदर कथाएं सुनाते थे, लेकिन आजकल व्यस्ततम जीवन में हम अपने कामकाज में इतने व्यस्त हो गए कि हमने अपने बच्चों को संस्कार तो छोड़ो समय देना भी कम कर दिया. व्यासपीठ के माध्यम से बापू ने कहा कि हम अपने बच्चों को संस्कार अवश्य प्रदान करें. कपिल देव भगवान और देवहूति माता का संवाद सुनाते हुए उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन को विषयों में बर्बाद ना करें. जीवन बड़ा अमूल्य है और हमें एक बार ही परमात्मा ने कृपा करके यह मानव शरीर दिया है इसलिए हम इसको विषयों में परवाह न करते हुए परमात्मा के श्री चरणों से लगाए. कथा में मुख्य यजमान अनिल तिवारी, प्रतिभा तिवारी, शिव शंकर मिश्रा, शिल्पा तिवारी, नीरज तिवारी, अजय श्रीवास्तव, रश्मि श्रीवास्तव, राजकुमार अग्निहोत्री, रत्नेश राजपूत, रामवतार पांडे सहित अनेक श्रद्धालू उपस्थित रहे।



**मेट्रो एंकर** 69वीं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता का शुभारंभ, देश की 37 राज्यों की टीमें शामिल

## बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने लक्षद्वीप को दो जीरो से हराया

**सागर। दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 तक सागर में अंतर्राष्ट्रीय मैंच हो सकेंगे. मेहनत, लगन, पारदर्शिता, संकल्प के साथ खेल कर अपने राज्य का नाम रोशन करें। उक्त विचार जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने सागर में 69वीं राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के रंगारंग शुभारंभ पर व्यक्त किए. राजपूत ने कहा कि आज इस परिसर में देख कर लग रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 के विकसित भारत तक सागर में भी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि सागर महान दानवीर संविधान सभा के सदस्य, कानूनविद, शिक्षाविद डॉ. हरिसिंह गौर की नगरी में आप सभी आए हैं, डॉ. गौर का विश्वविद्यालय आवश्य देखें और उनके आदर्शो को गृहण करें। जेडी लोक शिक्षण शत्रुंजय प्रताप सिंह ने बताया कि यह पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 37 राज्य शामिल हुए हैं,जिनमें 350 से अधिक 14 वर्ग के कम वर्ग के बालक बालिका शामिल हैं एवं 150 से अधिक जनरल मैनेजर, कोच मैनेजर शामिल हुए हैं। कार्यक्रम के पूर्व में फील्ड मार्शल रवीन्द्र खाटोल के नेतृत्व में एवं सेंट मैरी कॉन्वेंट, सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बैंड दल के द्वारा 37 राज्यों के खिलाड़ियों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। केन्द्रीय विद्यालय संगठन की खिलाड़ी तौहीन बादल के द्वारा शपथ दिलाई गई। प्रतियोगिता में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डीपीएस पथरिया हाट, आर्य कन्या विद्यालय एवं सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी, अमित मिश्रा, मुकेश तिवारी के द्वारा किया गया जबकि आभार नोडल अधिकारी डॉ. महेन्द्र प्रताप तिवारी ने माना। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, वीरेन्द्र पाठक, देवेन्द्र फुसकेले, संयुक्त जिला शिक्षा अधिकारी अरन्विद जैन, एसजीएफआई के अवजर्वर नटवर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी, 37 राज्यों के जनरल मेनेजर, खिलाड़ी मौजूद थे।



#### प्रतियोगिता में आज हुए बैडमिंटन मैच, ये रहे विजेता

सिटी स्टेडियम में हुए मैच में बालिका वर्ग में महाराष्ट्र ने लक्षद्वीप को दो जीरो से हराया महाराष्ट्र की ओर से सिंगल खेलते हुए रुदाशी ने लक्ष्यद्वीप की पामिदा को 15-0 15-1 से हराया जबकि डबल्स में महाराष्ट्र की ख्याति एवं विधि ने लक्ष्यद्वीप की नाजा एवं पमिदा को 15-4 ,15-0 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरे मैच में सीआईएस कौंसिल ऑफ़ द इंडियन स्कूल ने गोवा को दो जीरो से हराया, इंडियन स्कूल की ओर से सिंगल्स में हर्षिका ने गोवा की दीपुन को 15- 6, 15 -3 से हराया जबकि डबल्स में इंडियन स्कूल की ओर से आराधना एवं जेसनम ने गोवा की आकांक्षा एवं दिपुन को 17-15 ,15-12 से हराया। तीसरे मैच में राजस्थान ने आंध्र प्रदेश को दो जीरो से हराया। खेल परिसर में बालिका वर्ग के मैच में पंजाब ने बिहार को हराया पंजाब की ओर से 15 -12, 15-11 ,15-0 से बिहार को हराया।

## 18 दिसंबर विशेष

# सचिन तेंदुलकर ने पाक के खिलाफ की थी अपने वनडे करियर की शुरुआत



**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर को क्रिकेट का भगवान कहा जाता है। सिर्फ 16 साल की उम्र में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले सचिन ने जब 2013 में संन्यास लिया, तो बल्लेबाजी के तमाम बड़े रिकॉर्ड उनके नाम थे। सचिन ने टेस्ट और वनडे दोनों ही फॉर्मेट में अपनी श्रेष्ठता साबित की, लेकिन वनडे क्रि केट में उनका रिकॉर्ड असाधारण है। सचिन ने अपने वनडे करियर की शुरुआत 18 दिसंबर 1989 को पाकिस्तान के खिलाफ की थी। दिग्गज पाकिस्तानी गेंदबाजों वसीम अकरम, इमरान खान और वकार युनूस के सामने 16 साल की उम्र में जब सचिन बल्लेबाजी के लिए उतरे, तो शायद किसी ने सोचा होगा कि वे भविष्य में ऐसा प्रदर्शन करेंगे कि क्रि केट के भगवान के रूप में प्रसिद्ध हो जाएंगे। सचिन अपने पहले मैच में खाता नहीं खोल सके थे। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे सचिन अपनी दूसरी गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए। उन्हें वकार युनूस ने आउट किया था। शून्य पर आउट हुए सचिन अपने बाद के करियर में पाकिस्तान के लिए हर मैच में सबसे बड़ा खतरा साबित हुए। सचिन ने 1989 से 2012 के बीच पाकिस्तान के खिलाफ 69 वनडे मैचों में 40.09 की औसत से 5 शतक और 16 अर्धशतक लगाते हुए 2,526 रन बनाए। सचिन ने पाकिस्तान के खिलाफ 18 टेस्ट खेले जिसमें 2 शतक और 7 अर्धशतक लगाते हुए 1,057 रन बनाए। वनडे क्रिकेट में सचिन का रिकॉर्ड असाधारण है। उनके कई रिकॉर्ड का टूटना बेहद मुश्किल है। वनडे में सर्वाधिक शतक के मामले में कोहली ने सचिन को पछाड़ दिया है, लेकिन कुल मैच और रन के मामले में उन्हें पीछे छोड़ना किसी भी बल्लेबाज के लिए मुश्किल है। सचिन ने 463 वनडे में 49 शतक और 96 अर्धशतक की मदद से 18,426 रन बनाए हैं और शीर्ष पर काबिज हैं। सचिन ने 200 टेस्ट मैचों में 51 शतक और 68 अर्धशतक की मदद से 15,921 रन और 1 टी20 में 10 रन बनाए हैं।

## अंडर 19 वर्ल्ड कप के लिए वेस्टइंडीज की टीम घोषित, जोशुआ डोर्न को मिली कमान

नई दिल्ली। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अंडर 19 वर्ल्ड कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की है, जिसकी कमान टॉप-ऑर्डर बल्लेबाज जोशुआ डोर्न को सौंपी गई है। ऑलराउंडर जोनाथन वैन लांगे उपकप्तान होंगे। इस विश्व कप का आयोजन जनवरी-फरवरी 2026 में जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा। वेस्टइंडीज की टीम में 19 वर्षीय बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं, जो सीनियर नेशनल टीम के लिए 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेल चुके हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर ड्वेन गिल ने कहा, ÷इस टीम के गठन में हमने उनके विकास को सीनियर स्तर पर अपेक्षित खेल शैली के अनुरूप रखा है।

## 25.20 करोड़ में बिकने वाले आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज का फ्लॉप शो

# अपनी पहली ही पारी में शून्य पर आउट हुए ग्रीन, दो बॉल खेल सके

**एडिलेड, एजेंसी**

**ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन एशेज के तीसरे टेस्ट में फेल रहे। एडिलेड में बुधवार से शुरू हुए तीसरे मुकाबले की पहली पारी में ग्रीन खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। वह महज दो गेंद खेल सके और जोफ्रा आर्चर ने उन्हें ब्राइडन कार्स के हाथों कैच कराया। हाल ही में आईपीएल 2026 ऑक्शन में 25.20 करोड़ रुपये की भारी कीमत पाने वाले ग्रीन के लिए यह पारी किसी बुरे सपने से कम नहीं रही।**



**जोफ्रा आर्चर की घातक गेंदबाजी** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने कैमरन ग्रीन को कोई मौका नहीं दिया। आर्चर की तेज और सटीक गेंद पर ग्रीन को ड्राइव खेलने की कोशिश भारी पड़ गई और वह कैच दे बैठे। इस विकेट के साथ ही आर्चर ने ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम पर दबाव और बढ़ा दिया। आर्चर ने इस पारी में शानदार गेंदबाजी करते हुए अब तक तीन अहम विकेट झटके।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी का हाल–** एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन शुरुआत से ही इंग्लिश गेंदबाजों ने दबाव बनाए रखा। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। टीम ने 94 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए थे। ट्रेविस हेड, जेक वेदराल्ड, ग्रीन और मार्नस लाबुशेन जल्दी पवेलियन लौट गए। एक छोर से उस्मान ख्वाजा ने पारी को संभालते हुए संयमित बल्लेबाजी की और अर्धशतक जड़ा। विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने भी उनका अच्छा साथ निभाया। खबर लिखे जाने तक कंगारुओं ने चार विकेट पर 200 के करीब रन बना लिए हैं।

### सोशल मीडिया पर चर्चा

कैमरन ग्रीन का शून्य पर आउट होना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। आईपीएल ऑक्शन में मोटी रकम पाने के बाद फैंस उनसे बड़ी पारी की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में दबाव और परिस्थितियों ने उन्हें संभलने का मौका नहीं दिया। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रीन जैसे खिलाड़ी एक-दो पारियों से नहीं आंके जाने चाहिए, लेकिन यह आउट निश्चित तौर पर निराशाजनक रहा।

### नाम पर खरे उतरे कैमरन ग्रीन

कैमरन ग्रीन को लेकर शुरू से ही काफी चर्चा थी और वह अपने नाम पर खरे उतरे। ऑस्ट्रेलिया के इस खिलाड़ी को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये था। वह अपने बेस प्राइस से करीब 13 गुना यादा कीमत पर बिके। वह आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे और आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। ग्रीन गलती से बल्लेबाजों के सेट में नाम दर्ज कराया था। हालांकि, उनका नाम आते ही, चार फ्रेंचाइजियों ने अपना खजाना खोल दिया। पहले मुंबई इंडियंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच बोली लगी। फिर केकेआर ने एंट्री मारी। फिर आखिर में चेन्नई और कोलकाता के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिली। दोनों ने जमकर बोली लगाई। हालांकि, आखिर में केकेआर ने बाजी मारी और ग्रीन को अपने साथ शामिल किया। इसके साथ ही केकेआर को आंद्रे रसेल का रिप्लेसमेंट मिल गया है। रसेल ने आईपीएल से संन्यास ले लिया है।

## क्या रिटायरमेंट के मूड में आ गए हैं महेन्द्र सिंह धोनी?

# चेन्नई सुपर किंग्स की आईपीएल शॉपिंग लिस्ट देख लगनी शुरू हो गईं अटकलें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2026 सीजन के लिए विकेटकीपर-बैटर्स में अभूतपूर्व 32.30 करोड़ रुपये का निवेश किया। यह राशि सिर्फ टीम की क्षमता बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि यह संकेत देती है कि फ्रेंचाइजी महेंद्र सिंह धोनी के बाद की तैयारी कर रही है। क्रिकेट जगत के इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज को भले ही टीम ने बनाए रखा हो, लेकिन यह निवेश भविष्य की योजना और उत्तराधिकारी तैयार करने की रणनीति को स्पष्ट करता है।

**युवा खिलाड़ियों में रिकॉर्ड तोड़ निवेश–** संख्या बोलती है। चेन्नई सुपर किंग्स ने 19 साल के कार्तिक शर्मा को 14.20 करोड़ रुपये में खरीदा, जो आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। इससे पहले, चेन्नई सुपर किंग्स ने संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स से 18 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया। इसके साथ ही, उर्विल पटेल को बनाए रखते हुए, टीम के पास अब चार विकेटकीपर-बैटर्स (संजू सैमसन, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा) हैं। यह गहराई उस टीम के लिए बिल्कुल नया है, जो 2008 से केवल धोनी पर निर्भर थी।

**फ्लेमिंग ने रणनीति बदलाव स्वीकारा–** हेड कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने हाल ही में यह स्वीकार किया कि सीएसके ने रणनीति में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने कहा, हमने देखा कि एक दिन एमएस आगे बढ़ेंगे। संजू एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं और



इस भूमिका को अच्छे से निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा, कभी-कभी आप पुराने सिद्धांतों पर टिके रहते हैं, लेकिन हमने यह समझा कि बदलाव जरूरी है। चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने कुल 43.40 करोड़ रुपये के पर्स में से 60त्न राशि सिर्फ दो अनकैप्ड खिलाड़ियों पर खर्च की, जो उनकी पारंपरिक 'डैड्स आर्मी' नीति से पूरी तरह अलग है।

**धोनी के अपने शब्द बताते हैं अंतिम चरण–** 44 साल के धोनी ने आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा नहीं की है, लेकिन उनके हालिया बयान यह स्पष्ट संकेत देते हैं कि उनका करियर अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा था, यह तथ्य नहीं टाला जा सकता कि मैं अपने करियर के आखिरी चरण में हूं।

**उत्तराधिकारी योजना स्पष्ट** पूर्व भारतीय विकेटकीपर और चेन्नई सुपर किंग्स के टीममेट, रॉबिन उथप्पा ने ऑक्शन के दौरान कहा, दीवार पर लिखावट साफ है। यह स्पष्ट रूप से एमएस धोनी का अंतिम सीजन है। अब चेन्नई सुपर किंग्स की विकेटकीपर रणनीति तीन चरणों में फैली है... अंतरराष्ट्रीय स्तर के संजू सैमसन, विस्फोटक प्रतिभा कार्तिक शर्मा और उभरते हुए खिलाड़ी उर्विल पटेल। यह केवल ओवरबाइंग नहीं, बल्कि पोस्ट-धोनी युग की रणनीतिक तैयारी है।

## धोनी का हमेशा आभारी रहूंगा, सीएसके से विदाई पर भावुक हुए मथीशा पथिराना

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना ने चेन्नई सुपर किंग्स को अलविदा कहते हुए एक बेहद भावुक संदेश लिखा है। आईपीएल 2026 ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ने के बाद पथिराना ने सोशल मीडिया पर सीएसके, टीम मैनेजमेंट और खास तौर पर महेंद्र सिंह धोनी के प्रति आभार जताया। 22 वर्षीय पेसर ने कहा कि चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, भरोसा और एक परिवार दिया। पथिराना ने 2022 से 2025 तक सीएसके के लिए खेलते हुए टीम के प्रमुख गेंदबाजों में अपनी पहचान बनाई। चार सीजन में उन्होंने कुल 32 मुकाबले खेले और 47 विकेट अपने नाम किए। आईपीएल 2023 में सीएसके की खिताबी जीत में उनका अहम योगदान रहा, जहां उन्होंने 19 विकेट लिए और औसत 19.53 का रहा। उनकी तेज यॉर्कर और स्लिंग एक्शन ने उन्हें धोनी का भरोसेमंद गेंदबाज बना दिया। आईपीएल 2024 में पथिराना चोट के कारण सिर्फ छह मैच खेल पाए, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने 13 विकेट झटके। हालांकि, पिछला सीजन उनके लिए निराशाजनक रहा, जहां 12 मैचों में 13 विकेट तो मिले, लेकिन वह पहले जैसी निरंतरता नहीं दिखा सके। सीएसके ने आईपीएल 2026 ऑक्शन से पहले उन्हें रिलीज कर दिया और बोली में हिस्सा नहीं लिया।

## विजय हजारे ट्रॉफी

## कर्नाटक की टीम में शामिल हुए केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा



**बेंगलुरु।** विजय हजारे ट्रॉफी के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जोड़ी को कर्नाटक की टीम में शामिल किया गया है। ग्रुप ए में शामिल गत विजेता कर्नाटक 24 दिसंबर से अपने अभियान की शुरुआत करेगा। कर्नाटक की कमान मयंक अग्रवाल के हाथों में है, जबकि रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले करुण नायर को उपकप्तान बनाया गया है। येरे गौड़ टीम के हेड कोच होंगे। मंसूर अली खान और शबरीश मोहन क्रमशः बॉलिंग और फील्डिंग कोच होंगे। केएल राहुल हाल ही में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भारत की कमान संभाल चुके हैं। उस सीरीज में भारत ने मेहमान टीम के विरुद्ध 2-1 से जीत हासिल की थी। दूसरी ओर, प्रसिद्ध कृष्णा के आने से मयंक अग्रवाल की कप्तानी वाली टीम में और अनुभव जुड़ गया है। भले ही तेज गेंदबाज विद्वाथ कवरप्पा और विद्याधर पटेल मुख्य टीम में शामिल नहीं हैं, लेकिन टीम के साथ अहमदाबाद जाएंगे और मैच ड्यूटी के लिए उपलब्ध रहेंगे। पिछले महीने अंडर 23 में शानदार प्रदर्शन के बाद हर्षिल धर्माणी और ध्रुव प्रभाकर को टीम में शामिल किया गया है। लेफ्ट-आर्म स्पिनर श्रीशा अचर को टीम में अकेले स्पेशलिस्ट स्लो बॉलर के तौर पर शामिल किया गया है। ग्रुप ए में कर्नाटक के साथ तमिलनाडु, राजस्थान, झारखंड, मध्य प्रदेश, पांडिचेरी, केरल और त्रिपुरा की टीमें शामिल हैं।

**मनोरंजन** बॉलीवुड का कोना

## अभिनेत्री से डायरेक्टर बनी एल्सा घोस छत्तीसगढ़ी सिनेमा में रचेंगी नया अध्याय

# बहुप्रतीक्षित फिल्म ओह तेरी की कल पूरे छत्तीसगढ़ में रिलीज

सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर छत्तीसगढ़ी फिल्म 'ओह तेरी', 19 दिसंबर से सिनेमाघरों में, अभिनय से निर्देशन के क्षेत्र में उतरी अभिनेत्री एल्सा घोष अपनी पहली फिल्म 'ओह तेरी' लेकर आ रही है। इस फिल्म के ट्रेलर ने लोगों के अंदर इस फिल्म को देखने का उत्साह तो पहले ही बना लिया है क्योंकि फिल्म के ट्रेलर में कश्मीर की हसीन वादियों की झलक है तो वहीं अभिनेत्रीच - 47 पकड़े दिखाई देती है, जो काफी रोमांच पैदा करता है। फिलहाल फिल्म के कलाकारों एल्सा घोष, रोशन विरवानी, रजनीश झांझी, प्रदीप शर्मा ने संयुक्त रूप से मीडिया से बात करते हुए बताया कि इस फिल्म में भरपूर कॉमेडी और सस्पेंस है। इस फिल्म के मुख्य कलाकारों में एल्सा घोष, रजनीश झांझी, प्रदीप शर्मा, स्पिता भट्टाचार्य, उपासना वैष्णव, नवीन देशमुख, रोशन विरवानी, और आई रॉक(DOG) ने अभिनय किया है।

छत्तीसगढ़ी और क्षेत्रीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री



एल्सा घोष एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह सिर्फ उनका अभिनय नहीं, बल्कि निर्देशन की जिम्मेदारी भी है। अपनी आगामी पारिवारिक-कॉमेडी फिल्म 'ओह तेरी!' के जरिए एल्सा घोष ने अभिनय के साथ-साथ निर्देशन का भार स्वयं उठाकर छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एक नया और साहसिक कदम रखा है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े सूत्रों के अनुसार, एल्सा घोष शूटिंग के दौरान निर्देशक के रूप में पूरी तरह सक्रिय रहीं।

### हिंदी भाषा में रिलीज होगी फिल्म

मितान मूवीज़ के बैनर तले बनी फिल्म 'ओह तेरी!' आगामी 19 दिसंबर 25 को छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में छत्तीसगढ़ी और हिंदी भाषा में रिलीज़ होगी। फिल्म एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन है, जिसमें हास्य, भावनाएं और सामाजिक संदेशों का संतुलित मिश्रण देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन, कहानी और स्क्रीनप्ले एल्सा घोष ने स्वयं लिखा है। निर्माता अजय सिंह राजपूत और रोशन विरवानी हैं। संगीत नवनीत देशमुख का है, जबकि गीतों को सुनील सोनी, कंचन जोशी और अनुपमा मिश्रा ने अपनी स्वरों से सजाया है। फिल्म की स्टारकास्ट इसकी सबसे बड़ी ताकत मानी जा रही है।



## रानी चटर्जी ने शेयर किया मजेदार वीडियो, गाने पर लिपसिंक करती दिखीं

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी न सिर्फ अपने अभिनय, बल्कि सोशल मीडिया पर पोस्ट से भी फैंस के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करवाती रहती हैं। इस कड़ी में अभिनेत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो में रानी तेरा नाम लिया गाने पर लिपसिंक करती दिख रही हैं। उनके चेहरे के एक्सप्रेशन गाने के बोल के साथ कमाल कर रहे हैं। अभिनेत्री ने वीडियो पोस्ट कर लिखा, और यहां मैं पिघल गई, जब वे कहें कि तेरा नाम लिया। रानी की इस पोस्ट पर फैंस के हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं। फैंस उनके एक्सप्रेशन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। सॉन्ग तेरा नाम लिया फिल्म राम लखन में फिल्माया गया था। गाने को मनहर उधास और अनुराधा पौडवाल ने गाया था। इसके बोल आनंद बक्शी ने लिखे थे। साल 1989 में रिलीज हुई फिल्म राम लखन का निर्देशन सुभाष घई ने किया था। फिल्म में जैकी श्रॉफ, अनिल कपूर, माधुरी दीक्षित और डिंपल कपाड़िया मुख्य भूमिका में थे। इसके अलावा, फिल्म में राखी गुलजार, सतीश कौशिक, अमरीश पुरी और अनुपम खेर ने भी अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म अपने यादगार गाने और शानदार स्टारकास्ट के लिए जानी जाती है। रिलीज के बाद फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़-तोड़ कमाई की थी।



## मेट्रो बाजार

# एनसीडीईएक्स को सेबी से म्यूचुअल फंड प्लेटफॉर्म शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी

**मुंबई।** नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीएक्स) को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से म्यूचुअल फंड लेनदेन प्लेटफॉर्म शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। यह इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव्स में प्रस्तावित प्रवेश का पहला कदम है। एनसीडीएक्स ने कहा एमएफ प्लेटफॉर्म इक्विटी ट्रेडिंग सिस्टम से स्वतंत्र रूप से काम करेगा और काफी कम समय में इस प्लेटफॉर्म को लॉन्च करने के लिए अच्छी स्थिति में है। म्युचूअल फंड सब्सक्रिप्शन और रिडेम्पशन ऑर्डर की क्लियरिंग और सेटलमेंट एनसीडीएक्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी नेशनल सकमोडिटी क्लियरिंग लिमिटेड (एनसीसीएल) से किया जाएगा। एनसीडीईएक्स के प्रबंध निदेशक और मुख्स कार्यकारी अधिकारी अरुण रास्ते ने कहा कि इक्विटी लॉन्च से पहले म्चूचुअल फंड प्लेटफॉर्म शुरू करना एक रणनीतिक निर्णय है। म्यूचुअल फंड नए निवेशकों के लिए सबसे सरल और सुरक्षित शुरुआत विकल्पों में से एक है और हमारा मानना है कि भारत की इक्विटी यात्रा यहीं से शुरू होती है। एनसीईएक्स का म्यूचुलअ फंड प्लेटफॉर्म ग्रामीण और अर्ध शहरी बचत उत्पादों, विनियमिम निवेश क्षेत्रों में स्थानांतरित करने और इक्विटी में अधिक भागीदरी के लिए एम मजबूत रास्ता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# वैश्विक व्यापार में टैरिफ का हथियार की तरह हो रहा इस्तेमाल, बोलीं वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को वैश्विक व्यापार की बदलती और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में शुल्कों और अन्य उपायों के जरिए वैश्विक व्यापार को तेजी से हथियार बनाया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस माहौल में भारत को बहुत सावधानी से अपना रास्ता तय करना होगा, और देश की समग्र आर्थिक मजबूती उसे एक अतिरिक्त लाभ प्रदान करेगी। वित्त मंत्री ने टाइम्स नेटवर्क के इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि अब यह पूरी तरह साफ हो चुका है कि वैश्विक व्यापार मुक्त और निष्पक्ष नहीं रह गया है। सीतारमण ने कहा, टैरिफ और दूसरे कई उपायों से व्यापार का हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। भारत को ऐसी स्थिति में सावधानीपूर्वक अपना रास्ता बनाना होगा। सिर्फ टैरिफ का ध्यान रखना ही काफी नहीं है, मुझे लगता है कि कुल मिलाकर हमारी अर्थव्यवस्था की ताकत ही हमें वह



अतिरिक्त लाभ देने वाली है।भारत पर अक्सर लगाए जाने वाले आरोपों का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने कहा, भारत को यह कहकर लेक्चर दिया जा सकता है कि आप बहुत अंतर्मुखी हैं, आप टैरिफ किंग हैं, वगैरह। लेकिन हकीकत यह है कि आज टैरिफ को ही हथियार बना दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का इरादा कभी भी शुल्कों को हथियार बनाने का नहीं रहा। भारत ने केवल अपने घरेलू उद्योगों को उस बाढ़ से बचाने के लिए कदम उठाए हैं जो किसी शिकारी द्वारा की जाती है। उनका इशारा उन देशों की ओर था जो अनुचित व्यापार व्यवहार के जरिए भारतीय बाजारों में अपना सामान डंप करते हैं।

# मनाली-गोवा छोड़िए, इस बार सफेद रेगिस्तान में मनाएं नए साल का जश्न



**नई दिल्ली।** नए साल का जश्न मनाने के लिए अगर आप मनाली की भीड़ या गोवा के शोर से ऊब चुके हैं, तो इस बार राजस्थान के जादुई नजारे आपका इंतजार कर रहे हैं। जयपुर के पास स्थित देश की सबसे बड़ी नमक की झील सांभर में सांभर महोत्सव 2025 का आगाज होने जा रहा है। 27 से 31 दिसंबर तक चलने वाला यह उत्सव उन लोगों के लिए है जो साल के आखिरी दिनों को सुकून और रोमांच के बीच बिताना चाहते हैं। दूर-दूर तक फैली सफेद नमक की सतह और ढलते सूरज के अद्भुत नजारे आपको एक अलग ही दुनिया का एहसास कराएंगे।

### सफेद नमक के बीच सजेगा खुशियों का मेला

जयपुर जिला प्रशासन और राजस्थान पर्यटन विभाग के साझा प्रयास से यह 5 दिवसीय महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। सांभर झील अपनी प्राकृतिक बनावट के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है, लेकिन महोत्सव के दौरान यहां के नजारे बिल्कुल बदल जाते हैं। दरअसल, यहां आने वाले पर्यटकों को राजस्थान की उस समृद्ध विरासत को देखने का मौका मिलेगा, जो सदियों से इस नमक की झील के साथ जुड़ी हुई है। यह सिर्फ एक ट्रिप नहीं, बल्कि प्रकृति और संस्कृति के बीच बिताया गया एक यादगार समय होगा। सांभर महोत्सव में हर किसी के लिए कुछ न कुछ खास है। अगर आपको एडवेंचर पसंद है, तो यहां पैरासेलिंग, एटीवी राइडिंग और बाइक रेसिंग जैसे रोमांचक खेलों के नजारे आपका दिल जीत लेंगे। वहीं, प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह किसी जन्नत से कम नहीं है। सर्दियों के इस मौसम में यहां हजारों मील दूर से आए राजहंस, पेलिकन और सारस जैसे प्रवासी पक्षियों के खूबसूरत नजारे देखने को मिलते हैं।

## न्यूज विंडो

### अबू धाबी में भारत-यूएई का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डिजर्ट साइक्लोन'



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना का एक दल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए रवाना हो गया है। यूएई में यह भारतीय सैन्य दल संयुक्त सैन्य अभ्यास 'डिजर्ट साइक्लोन-2' का हिस्सा बनेगा। दोनों देशों की सेनाओं का यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 18 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह महत्वपूर्ण सैन्य अभ्यास 30 दिसंबर तक अबू धाबी में आयोजित किया जाएगा। लगभग दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास के दौरान दोनों देशों के सैनिक निर्मित क्षेत्रों में युद्धाभ्यास करेंगे। हेलिबोर्न ऑपरेशंस किए जाएंगे। इन ऑपरेशन के दौरान हेलिकॉप्टर से आतंकवादी क्षेत्रों में प्रवेश, राहत एवं बचाव का अभ्यास किया जाएगा। इस अभियान में विस्तृत मिशन योजना निर्माण जैसे विविध सामरिक अभ्यासों पर संयुक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### माघ मेले में पहली बार स्कैन टू फिक्स तकनीकी का होगा इस्तेमाल



**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम किनारे 3 जनवरी से आयोजित होने वाले आस्था के जन समागम माघ मेले में सभी विभाग अपनी तैयारियां पूरी करने में युद्ध स्तर पर लगे हुए हैं। बिजली विभाग 800 हेक्टेयर में फैले इस माघ मेले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने की अपनी तैयारी में लगा है। इसके लिए इस बार विभाग ने कई नव्य प्रयोग किए हैं। त्रिवेणी के तट पर 44 दिनों तक लगातार चलने वाले माघ मेले में संगम की रेत पर तंबुओं का एक अस्थाई शहर बसाने की तैयारी है। तंबुओं के इस शहर का कोना-कोना रोशन रखने के लिए बिजली विभाग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता (माघ मेला) अशोक कुमार शर्मा बताते हैं कि माघ मेले में इस बार 350 किमी लंबी एलटी की लाइन बिछनी थी, जिसमें 320 किमी बिछ चुकी है। मेले में 7.5 लाख विद्युत कनेक्शन देने के साथ 24×7 बिजली मिलती रहे, इसके लिए नए प्रयास किए गए हैं।

### सेवन सिस्टर्स पर भी भारत को दे चुका है धमकी

# मैं सलाम क्यों करूं, बांग्लादेशी नेता हसनात अब्दुला की जहरबुझी बातें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बांग्लादेश में लगातार भारत विरोधी प्रदर्शन हो रहे हैं। बुधवार को ढाका में भारतीय हाई कमीशन की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों के एक बड़े ग्रुप को पुलिस ने रोक दिया। इन एंटी इंडिया तत्वों ने भारत के खिलाफ भड़काऊ नारेबाजी की। ये लोग भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ की धमकी दे रहे थे। भारत ने बांग्लादेश की राजधानी में अपने मिशन के आसपास की सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता जताई है। नेशनल सिटिजन पार्टी (साउथ) के चीफ ऑर्गनाइजर हसनात अब्दुल्ला भारत के खिलाफ खूब जहर उगल रहा है। दरअसल हसनत अब्दुल्ला चुनाव लड़ना है। नेशनल सिटिजन पार्टी ने उसे कुमिल्ला-4 निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया है। चुनाव से पहले जनता की भावनाओं को भड़काने के लिए हसनत लगातार भारत विरोधी बयान दे रहा है। हसनत अब्दुल्ला ने बुधवार को कुमिल्ला के फुलटोली इलाके में एक मीटिंग में कहा कि, अगर आप देखते ही गोली मारने की पॉलिसी में विश्वास करते हैं, तो मैं देखते ही सलाम करने की पॉलिसी क्यों मानूं? इसी शख्स ने कुछ दिन पहले कहा था कि अगर बांग्लादेश को अस्थिर किया गया तो इसका असर पूरे क्षेत्र पर पड़ेगा और भारत के उत्तर-पूर्वी सेवन सिस्टर्स को अलग कर दिया जाएगा।

### अब्दुल्ला को भारत पर शक

हसनत अब्दुल्ला को लगता है कि भारत बांग्लादेश के मामलों में दखल दे रहा है। कुमिल्ला के फुलटोली इलाके में एक मीटिंग में पार्टी कैंडिडेट हसनत ने बांग्लादेश के प्रति भारत के रवैये पर सवाल उठाया। इस शख्स ने कहा, अगर आप देखते ही गोली मारने की पॉलिसी में विश्वास करते हैं, तो मैं देखते ही सलाम करने की पॉलिसी क्यों मानूं?



### हसनत ने भारत पर यह भी लगाया आरोप

हसनत की यह टिप्पणी उसी दिन आई जब मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भारत के विदेश मंत्रालय ने हाल के मुद्दों पर चिंता जताने के लिए बांग्लादेश के हाई कमिश्नर को बुलाया था। रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए हसनत ने बांग्लादेश में हिंसा से जुड़े लोगों को भारत में कथित रूप से पनाह देने के लिए आलोचना की। हसनत ने भारत पर अवामी लीग के कार्यकर्ताओं को पनाह, ट्रेनिंग और फाइनेंशियल मदद देने का आरोप लगाया, और कहा कि हजारों लोग बिना वैलिड डॉक्यूमेंट्स के भारत में घुस गए हैं। हसनत ने कहा, आतंकवादियों को पनाह देते हुए और बांग्लादेश में अशांति बनाए रखते हुए आप दोस्ताना संबंधों की उम्मीद नहीं कर सकते। बांग्लादेश में चुनाव की घोषणा के बाद भारत विरोधी गतिविधियां तेज हो गई हैं। बांग्लादेश में अगला आम चुनाव 12 फरवरी 2026 को होने वाला है। ढाका में भारतीय उच्चायोग के सामने छुटभैये नेताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। जुलाई ओइक्या (जुलाई एकता) के बैनर तले मार्च कर रहे प्रदर्शनकारी भारत विरोधी नारे लगा रहे थे और कई मांगें उठा रहे थे, जिनमें पिछले साल जुलाई विद्रोह के दौरान और बाद में देश छोड़कर भागे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और अन्य लोगों के प्रत्यर्पण की मांग शामिल थी। एक पुलिस प्रवक्ता ने बताया, बुधवार दोपहर को पुलिस ने रामपुर पुल से शुरू हुए जुलूस को नॉर्थ बड्डा में हुसैन मार्केट के सामने रोक दिया, जहां डिप्लोमैटिक मिशन स्थित है।

### प्रदर्शनकारियों ने तोड़े बैरिकेड, भारत के खिलाफ लगाए नारे

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार जैसे ही प्रदर्शनकारी आगे बढ़े पुलिस ने एक बैरिकेड लगा दिया। उन्होंने बैरियर तोड़ दिया लेकिन उन्हें एक और मजबूत नाकेबंदी का सामना करना पड़ा, जहां प्रदर्शनकारियों ने भारत के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए और हसीना के प्रत्यर्पण की मांग की। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम डरे हुए नहीं हैं और हम भारतीय उच्चायोग पर हमला नहीं करेंगे। लेकिन अगर कोई बांग्लादेश पर दबदबा बनाए रखने की कोशिश करता है, तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस के विरोध का सामना करने के बाद प्रदर्शनकारी नॉर्थ बड्डा में हुसैन मार्केट के सामने सड़क पर बैठ गए और दिल्ली हो या ढाका, ढाका तो ढाका है और मेरा भाई हादी – हादी को क्यों मरना पड़ा? जैसे नारे लगाने लगे।

### ढाका में भारत की वीजा सेवा बंद

ढाका के हालात को देखते हुए भारत सरकार ने ढाका स्थित भारतीय वीजा एप्लिकेशन सेंटर बंद कर दिया है। ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क स्थित आईवीएसी सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य केंद्र है।

### तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

## हाईकोर्ट ने कहा- पति पत्नी को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा।




यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था। जस्टिस नवीन चावला, अनूप जयराम भंभानी और रेनू भटनागर की तीन जजों की बेंच ने कहा कि ॥क्की धारा 13B(1) के तहत एक साल की अवधि के लिए अलग रहने की कानूनी शर्त सुझाव है, अनिवार्य नहीं।कोर्ट ने पूछा- क्या कोई कोर्ट आपसी सहमति से तलाक को रोकने के लिए मजबूर है, जिससे अनिच्छुक पक्षों को वैवाहिक सुख में नहीं, बल्कि वैवाहिक खाई में धकेला जाए?

### एससी के फैसलों का हवाला दिया

सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का हवाला देते हुए, बेंच ने कहा कि धारा 13B(1), जो इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन शब्दों से शुरू होती है, उसे HMA की धारा 14(1) की शर्तों के तहत ढंग से पढ़ा जाना चाहिए।धारा 14(1) अदालतों को याचिकाकर्ता को असाधारण कठिनाई या प्रतिवादी की ओर से असाधारण दुराचार वाले मामलों में कानूनी प्रतीक्षा अवधि को माफ करने का अधिकार देती है।

### दुनिया का सबसे क्यूट डेंटल क्लिनिक...

## छोटी बच्ची ने भैंस के बच्चे को कराया ब्रश



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर हर रोज कई ऐसे वीडियो आते हैं, जो लोगों का दिल जीत लेते हैं। बच्चों और पशुओं से जुड़े वीडियो लोगों को हंसने पर मजबूर कर देते हैं। ऐसा में सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हर कोई बच्चे की मासूमियत पर हंस रहा है। इस वीडियो में बच्ची भैंस के बच्चे के साथ खेल रही है। वह सिर्फ उसके साथ खेल नहीं रही है बल्कि उसके दांतों की सफाई पर भी ध्यान दे रही है। बच्ची भैंस के बच्चे के दांत साफ करती हुई दिख रही है। उसके हाथ में टूथब्रश है और बड़े प्यार और ध्यान से उसका मुंह पकड़कर उसके दांत साफ कर रही है।

# शहरी विकास के लिए महानगरीय क्षेत्रों का गठन बड़ा कदम: कैलाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज अपने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों और आगामी तीन वर्ष में होने वाली कार्ययोजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए बताया कि प्रदेश के बड़े शहरों में मेट्रोपॉलिटन एरिया का प्लान पूरा हो गया है। इसके अमल में आने के बाद शहरी विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि इसके तहत 1.64 लाख पक्के आवासों का निर्माण कर 2,65,492 हितग्राहियों के खाते में 1,749.17 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। दीनदयाल योजना के तहत 117 आश्रय स्थलों पर 2.44 लाख लोगों को आश्रय दिया गया। एक पेड़ मां के नाम के तहत 71.84 लाख पौधे लगाए गए, जिसमें देश में पांचवा स्थान मिला। सीएम हेल्पलाइन के द्वारा 93 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण किया गया। गीता भवन योजना के अंतर्गत पांच वर्ष में सभी निगमों में गीता भवनों के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। आवासीय योजनांतगत 170.80 एकड़ भूमि आवंटित की गई। नगर तथा ग्राम निवेश के तहत कई तहसीलों को महानगर क्षेत्र के गठन की प्रक्रियाधीन है। मेट्रो रेल परियोजना के तहत इंदौर मेट्रो ६ किमी क्षेत्र में संचालन शुरू हो चुका है और भोपाल मेट्रो का 7 किमी के क्षेत्र में इसी महीने में ही संचालन शुरू होगा।

श्री विजयवर्गीय ने तीन वर्षों में की कार्ययोजनाओं को लेकर कहा कि 6 लाख नवीन आवास और 9.99 लाख नल कनेक्शनों का लक्ष्य रखा गया है। 2026 में 472 ई-बसों का संचालन शुरू होगा। सिंहस्थ के लिए 13851 करोड़ रुपए से 132 कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

### पीडब्लूडी मंत्री ने बताया विभाग का रोड मैप

# तीन सालों में बदलेगा प्रदेश में सड़कों का नक्शा : राकेश सिंह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने प्रदेश के सड़क ढांचे की वर्तमान स्थिति तथा आगामी तीन वर्षों की योजना की जानकारी दी। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि अगले तीन सालों में प्रदेश में सड़कों का नक्शा बदल जाएगा। उन्होंने कहा प्रदेश की सड़कें अब केवल आवागमन का साधन नहीं रहीं, बल्कि आर्थिक विकास, निवेश आकर्षण और नए अवसरों की सुदृढ़ आधारशिला के रूप में स्थापित हो रही हैं। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में अगले तीन वर्षों में 3,368 किलोमीटर लंबी छह प्रमुख एक्सप्रेस-वे एवं प्रगतिपथ परियोजनाओं का निर्माण किया जाएगा। इनमें नर्मदा प्रगतिपथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा-निमाड़ विकासपथ, अटल प्रगतिपथ, बुंदेलखंड विकासपथ और मध्य भारत विकासपथ शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत 36,483 करोड़ है और अधिकांश परियोजनाओं को जून 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इनके पूरा होने से यात्रा समय में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार तथा औद्योगिक, कृषि और पर्यटन गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

## मेट्रो एंकर

### भारतीय रेलवे की बड़ी उपलब्धि

# 2,626 स्टेशनों पर हो रहा 898 मेगावाट सौर ऊर्जा का उपयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रेलवे ने स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस साल नवंबर तक रेलवे ने अपने कामकाज के लिए 898 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र शुरू कर दिए हैं। साल 2014 में रेलवे सिर्फ 3.68 मेगावाट सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करता था, जो कि अब बढ़कर 898 मेगावाट हो गया है। इस दौरान सौर ऊर्जा का उपयोग करीब 244 गुना बढ़ गया है। रेल मंत्रालय के मुताबिक, इस समय देश के 2,626 रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे रेलवे के बिजली खर्च में कमी आ रही है और पर्यावरण



को भी कम नुकसान हो रहा है। रेलवे ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सौर ऊर्जा के उपयोग की रफ्तार और तेज हुई है। नवंबर तक 318 नए रेलवे स्टेशन सौर ऊर्जा नेटवर्क से जोड़े गए हैं। इसके साथ ही सौर ऊर्जा का उपयोग करने वाले स्टेशनों की कुल संख्या 2,626 हो गई है। कुल शुरू की गई सौर ऊर्जा में से 629 मेगावाट का उपयोग ट्रेनों को चलाने के लिए किया जा रहा है। इससे सीधे तौर पर इलेक्ट्रिक ट्रेनों को बिजली मिलती है। बाकी 269 मेगावाट ऊर्जा का उपयोग स्टेशन की लाइट, वर्कशॉप, सर्विस बिल्डिंग और रेलवे कॉलोनियों के लिए किया जा रहा है।

सौर ऊर्जा का यह संतुलित उपयोग सामान्य बिजली पर निर्भरता को कम करता है और रेलवे के कामकाज को ज्यादा बेहतर बनाता है। मंत्रालय के अनुसार, रेलवे स्टेशनों, इमारतों और रेलवे की जमीन पर लगाए गए सोलर प्लांट भारतीय रेलवे की बढ़ती बिजली जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इससे ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हो रही है और प्रदूषण कम करने में मदद मिल रही है। ऐसे कदम यह दिखाते हैं कि भारतीय रेलवे 2030 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### वंदे भारत ने बदली रेल की परिभाषा

इस बीच, भारतीय रेलवे की वंदे भारत एक्सप्रेस ने फरवरी 2019 में शुरू होने के बाद से भारत में रेल यात्रा की परिभाषा बदल दी है। आज देश के बड़े शहरों को जोड़ने वाली 164 वंदे भारत ट्रेन सेवाएं चल रही हैं। यह ट्रेनें यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव प्रदान करती हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस की लोकप्रियता इस बात से समझी जा सकती है कि 2019 से अब तक 7.5 करोड़ से ज्यादा यात्री इस हाईटेक ट्रेन में सफर कर चुके हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564